NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-34, पृष्ठ : 12 | शनिवार, 09 अगस्त, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# कुलगाम में 2 जवान शहीद, एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में जारी एनकाउंटर में दो जवान शहीद हो गए। कुल चार जवान घायल हुए थे। इलाज के दौरान लांस नायक प्रितपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह की मौत हुई। आज सुबह यह जानकारी आई।

ऑपरेशन अखल 1 अगस्त से जारी है। आज इसका नौवां दिन है। इसमें 2 अगस्त को 2 आतंकियों के मारे जाने की खबर आई थी। जबकि अब तक 9 जवान घायल हो चुके हैं। इनमें से ही दो की मौत हुई है। 2 अगस्त की सुबह मारे गए आतंकियों में से एक की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई थी, जो सी-कैटेगरी का आतंकी था। हारिस उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से अक-47 राइफल, मैगजीन और गोला-बारूद बरामद हुआ था। ऑपरेशन अखल को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ अंजाम दे रहे



हैं। जंगल में अभी और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। दोनों ओर से फायरिंग जारी है। एक अधिकारी ने बताया था कि इलाके में आतंकी गतिविधि की गुप्त सूचना मिलने के बाद 1 अगस्त की शाम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू की थी।

इसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई थी। जंगल में कुल कितने आतंकी छिपे हैं, इसका आंकड़ा साफ नहीं है। 28 जुलाई को सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन महादेव के तहत, लिडवास के जंगलों में पहलगाम हमले में शामिल 3 आतंकियों को मारा था। 31 जुलाई को पुंछ में छञ्जइ के पास दो और आतंकी घुसपैठ के दौरान मारे गए थे।

# देशभर में रक्षाबंधन की धूम

## पीएम मोदी ने रक्षाबंधन पर देशवासियों को दी बधाई

**नई दिल्ली।** देशभर में आज रक्षाबंधन का पर्व मनाया जा रहा है। भाई और बहन के प्यार का यह पर्व धूमधाम से मन रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में उन्होंने भाई-बहन के बीच के बंधन को मजबूत करने में इस त्योहार के महत्व पर जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने '' पर लिखा, 'रक्षा बंधन के विशेष अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।'

इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी भाई-बहन के बीच प्रेम और विश्वास के अटूट बंधन का प्रतीक रक्षा बंधन के पावन पर्व पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। शाह ने कहा, 'भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के अटूट बंधन को समर्पित रक्षा बंधन के पावन पर्व पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि यह पर्व सभी के जीवन में आनंद और उत्साह का स्रोत बने।'





## बाबा महाकाल को बांधी राखी

### लगा सवा लाख लड्डुओं का भोग

**उज्जैन।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आज कालों के काल बाबा महाकाल के दरबार में सबसे पहले बाबा महाकाल को राखी बांधकर उन्हें सवा लाख लड्डुओं का महाभोग लगाया गया। प्रतिवर्ष बाबा महाकाल को पुजारी परिवार द्वारा सवा लाख लड्डुओं का महाभोग लगाया जाता है जिसे लगभग एक सप्ताह में मंदिर परिसर में ही तैयार किया जाता है। बाबा महाकाल को लगाए जाने वाले इस भोग को क्यों लगाया जाता है जब हमने इस बारे में जानने की कोशिश की तो पता चला कि पूरे श्रावण माह बाबा महाकाल के भक्त उपवास रखते हैं और वह बाबा महाकाल को रक्षाबंधन पर अर्पित की जाने वाली इसी प्रसादी को ग्रहण कर अपना उपवास खोलते हैं। महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि पुजारी परिवार द्वारा आज बाबा महाकाल को लगाई गई सवा लाख लड्डुओ की भोग प्रसादी का वितरण भक्तों को प्रसाद स्वरूप मे किया गया।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश का रेड अलर्ट, 100 फ्लाइट्स लेट



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में रात से तेज बारिश जारी है। यहां पर बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। तेज बारिश के कारण 100 से ज्यादा फ्लाइट्स देरी से उड़ान भर रही हैं। दिल्ली में कई इलाकों में पानी भर गया है। ऐसे में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है।

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के शरोद नाला में बादल फटा है। गनीमत रही कि घटना में किसी को चोट नहीं आई, लेकिन शरोद नाला से सटे बरोगी नाला का वाटरलेबल बढ़ गया है। लैंडस्लाइड के चलते चंडीगढ़-मनाली हाईवे बंद है। बिहार में तेज बारिश का दौर जारी है। बेगूसराय में बाढ़ के चलते 118 स्कूल अगले आदेश तक बंद हैं। खगड़िया में 32 और वैशाली में भी 80 स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पटना में कई जगहों पर पानी भर गया है।

यूपी में इस सीजन मानसून मेहरबान है। लगातार बारिश से नदियां और नाले उफान पर हैं। अमरोहा में 3 दिन की लगातार बारिश के बाद एक बाइक सवार पर जर्जर मकान ढह गया। जौनपुर में भी मकान गिर गया।

# दिल्ली में ट्रिपल मर्डर से सनसनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में तिहरे हत्याकांड की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। करावल नगर में पति ने पत्नी और दो बेटियों को मार डाला। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

देश की राजधानी दिल्ली तीन हत्याओं से दहल उठी। एक शख्स ने अपनी पत्नी और दो बेटियों को मार डाला। रक्षाबंधन के दिन हुई सनसनीखेज वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के करावल नगर इलाके में प्रदीप नाम के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और पांच और सात साल की दो बेटियों की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार है।पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



# धराली में जिंदगी की तलाश

## 300 लोग अब भी फंसे होने की आशंका, 650 लोगों को किया रेस्क्यू



**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के आपदा प्रभावित धराली और हर्षिल में जिंदगी की तलाश जारी है। बचाव दल ने दो दिन में 650 और लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। अभी करीब 300 लोगों के फंसे होने की आशंका है। इन्हें सुरक्षित निकालने के लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है।

सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ समेत जिला प्रशासन की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं। खोज और बचाव कार्यों के लिए डॉग स्क्वॉड, ड्रोन और जमीन के अंदर देखने वाले रडार का इस्तेमाल कर रही है। हर्षिल घाटी में मोबाइल संचार व्यवस्था बहाल कर ली गई है।

धराली में राहत और बचाव कार्यों की निगरानी करने के लिए पिछले तीन दिनों से उत्तरकाशी में ही डटे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि 400 लोगों को बृहस्पतिवार को और 250 को शुक्रवार को निकाला गया। उन्होंने कहा कि शेष फंसे लोगों को भी जल्द सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा। धराली, हर्षिल और उत्तरकाशी के बीच जगह-जगह सड़कें टूटी हुई हैं। इससे बचाव कार्यों में परेशानी हो रही है। हालांकि, मोबाइल फोन और इंटरनेट सेवा बहाल होने से बचाव कार्य में तेजी आने की उम्मीद है। प्रभावित इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए जनरेटर की व्यवस्था की जा रही है। एसडीआरएफ ने बताया कि अभी नौ सैनिक और सात अन्य लोग लापता हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों ने बताया कि लापता लोगों की संख्या अधिक हो सकती है। धराली में कई होटलों का निर्माण चल रहा था, जहां बिहार और नेपाल के मजदूर काम कर रहे थे। दो दर्जन से अधिक लोग होटलों में ठहरे थे। इनमें से कई लोगों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। उत्तरकाशी के धराली, हर्षिल की आपदा के बाद सरकार अब आपदा से पहले बचाव की तैयारियों पर फोकस बढ़ाएगी। सचिव आईटी नितेश झा ने इसके लिए वैज्ञानिकों की समिति गठित की है, जिसमें आईआईआरएस- इसरो, वाडिया, मौसम विज्ञान विभाग समेत कई संस्थानों के वैज्ञानिकों को शामिल किया गया है। सचिव आईटी एवं शहरी विकास नितेश झा ने बैठक बुलाई, जिसमें कई संस्थानों के वैज्ञानिक शामिल हुए। उन्होंने उत्तराखंड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है, जो एक सप्ताह में उन्हें अपनी रिपोर्ट देगी।

# स्वतंत्रता दिवस आयोजन को लेकर एजेंसियां अलर्ट



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ और गुरुग्राम स्थित ड्रोन क्लब 15 अगस्त के स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए बड़ा खतरा हैं। अगर भारत सरकार ने टैरिफ स्वीकार कर लिया तो संयुक्त किसान मोर्चा बड़ा आंदोलन कर समारोह में खलल डाल सकता है।

साथ ही गुरुग्राम स्थित ड्रोन क्लब से भी कोर्डिनेशन कर लोगों से आग्रह करने का कहा गया है कि 15 अगस्त तक ड्रोन न उड़ाए। इससे अफवाह फैल सकती है। खुफिया एजेंसियों ने दिल्ली पुलिस व अन्य राज्यों के पुलिस अधिकारियों की दिल्ली में शुक्रवार को हुई उच्च स्तरीय बैठक में ये इनपुट दिए। खुफिया विभाग ने इनपुट दिए है कि गुरुग्राम स्थित ड्रोन क्लब से कोर्डिनेशन किया जाए और ये सुनिश्चित किया जाए कि लोग ड्रोन न उड़ाए। ड्रोन के उड़ाने से अफवाह फैल सकती है। साथ ही समारोह की सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है। सुरक्षा एजेंसियों से कहा कि वह क्लब के साथ बैठक कर ये सुनिश्चित करें कि कोई भी ड्रोन ऑपरेट न करे।

साथ ही 15 अगस्त वाले दिन चेहल्लुम जुलूस भी निकाला गया जाएगा। सुरक्षा एजेंसियों के आग्रह पर ये जुलूस अब 14 अगस्त को निकाला जाएगा। ऐसे में इस जुलूस को गंभीरता से लेने के लिए कहा गया है। शरारती तत्व जुलूस में घुसकर किसी तरह की बड़ी शरारत कर सकते हैं। ये भी इनपुट दिए है कि दूसरे देश से लोग आकर मरकज व गुरुद्वारे में रुकते हैं। यह लोग भी खतरा बन सकते हैं।

खुफिया विभाग ने कहा कि मणिपुर व पश्चिमी बंगाल के लोग भी हुड़दंग मचा सकते हैं। दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेशियों को डिपोर्ट किया गया है। इनमें कुछ लोग अपने आप को पश्चिमी बंगाल का मानते हैं। मणिपुर हिंसा को लेकर भी हुडदंग हो सकता है। इसके लिए विशेष सर्तकता बरतने को कहा है।

# छह महीने पहले 150 करोड़ रुपये की लागत से बना ओवरब्रिज धंसा



**अयोध्या।** लखनऊ हाईवे पर सहादतगंज बाईपास तिराहे पर 150 करोड़ रुपये की लागत से बना ओवरब्रिज धंस गया। इस कारण यातायात रोकना पड़ा। इसका निर्माण छह माह पहले हुआ था। इतनी जल्दी ओवरब्रिज धंसने से इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो गया। इसकी बाउंड्री पर भी दरारें साफ दिखाई दे रही हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की स्थानीय इकाई को शुक्रवार सुबह पुल की सड़क धंसने की जानकारी हुई। तुरंत अधिकारी व इंजीनियर मौके पर पहुंचे और पुल पर आवागमन बंद कर दिया। एनएचएआई के जेई योगेंद्र कुमार ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के चलते पुल का हिस्सा धंसा है। मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है और पुल पर आवागमन को परिवर्तित कर दिया गया। बताया कि दो दिन में यातायात बहाल कर दिया जाएगा।

# हिजबुल प्रमुख सल्लाउद्दीन के बेटे की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को हिजबुल प्रमुख सैयद सल्लाउद्दीन के बेटे शाहिद यूसुफ की जमानत की अपील खारिज कर दी। हालांकि, उसके भाई को कोर्ट ने जमानत दे दी है। दोनों भाइयों ने टेरर फंडिंग मामले में जमानत देने से इनकार करने वाले निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी।

शाहिद यूसुफ की अपील खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि यह अदालत अभियोजन पक्ष द्वारा सामने लाई गई उस बड़ी साजिश को नजरअंदाज नहीं कर सकती जो राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा है। यह मामला उस जांच से शुरू हुआ जब दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ को सूचना मिली कि पाकिस्तान से आने वाले धन को दिल्ली के रास्ते हवाला चैनलों के जरिए जम्मू-कश्मीर भेजा जा रहा है, जिसका उद्देश्य जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी और अलगाववादी गतिविधियों को वित्तपोषित करना है। इस सूचना के आधार पर 2011 में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में जांच एनआईए को सौंप दी गई। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शैलिंदर कौर की खंडपीठ ने शाहिद यूसुफ की अपील खारिज कर दी।

# डोडा में आतंकी मददगारों के 17 ठिकानों पर छापे, कई उपकरण और दस्तावेज जब्त



**श्रीनगर।** डोडा जिले में आतंकियों और उनके मददगारों के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों ने शिकंजा कसा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने मिलकर शुक्रवार को जिले में नारको आतंकवाद और आतंकी मददगारों से जुड़े मामलों में ताबड़तोड़ छापे मारे। इस अभियान में उन आतंकियों और मददगारों के 17 ठिकानों व घरों को खंगाला गया, जो पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में बैठकर जम्मू-कश्मीर में दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

सुरक्षाबलों ने भद्रवाह, गंदोह, काश्तीगढ़ और मरमत के कई इलाकों में दबिश दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई घोषित अपराधियों, संदिग्ध ओवरग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) और अन्य ऐसे लोगों के खिलाफ की गई जो देश-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं। इनमें वे लोग भी शामिल हैं जो पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान भाग गए और वहां से आतंकी नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। कार्रवाई के दौरान सुरक्षाबलों ने कई स्थानों से अहम सबूत, दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं। साथ ही आरोपियों के परिजन से पूछताछ की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मकसद संदिग्धों की गतिविधियों और संचार चैनलों पर नजर रखना और यह संदेश देना है कि देश-विरोधी तत्वों को पनाह देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

एसएसपी डोडा संदीप मेहता ने बताया कि यह ऑपरेशन आतंकी नेटवर्क को तोड़ने, फंडिंग के रास्तों को बंद करने और सीमापार के संपर्क खत्म करने की रणनीति का हिस्सा है, जो भी व्यक्ति विदेशी आतंकियों की मदद देगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान जम्मू-कश्मीर में व्यापक सुरक्षा रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत चिनाब क्षेत्र से सटे जिलों में आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। सूत्रों के मुताबिक, कई स्थानीय आतंकी पाकिस्तान या पीओके में बैठकर सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप और पारिवारिक संपर्कों के माध्यम से यहां के युवाओं को आतंकवाद से जुड़ने के लिए उकसा रहे हैं।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376**। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
शनिवार, 09 अगस्त, 2025


# सावन की रिमझिम विदाई

## रक्षाबंधन पर झूम कर बरसे बदरा, मौसम हुआ सुहाना

**आगरा** एनएनआई। सावन माह के अंतिम दिन रक्षाबंधन पर आज सुबह से ही बारिश हो रही है। कभी रिमझिम तो कभी तेज, बारिश ने मौसम सुहाना कर दिया है। सावन का आज अंतिम दिन तो इससे खूबसूरत विदाई इसकी हो नहीं सकती। हालांकि इस बारिश से उन लोगों को ज्यादा परेशानी हो रही है जिन्हें अपने घर जाना है। बहनों को परेशानी हो रही है। जैसे ही बारिश कम होती है, बहनें निकल रही हैं। रात से ही मौसम बदला हुआ है। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। इसका असर तापमान पर भी हुआ है जो कि सामान्य से नीचे है।





# बारिश पर भारी रक्षाबंधन का त्योहार

# भाई की कलाई पर सजा बहन का प्यार


एनएनआई

**आगरा।** भाई बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शहर भर में मनाया जा रहा है। बहनें भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांध रही हैं तो भाई भी दिल खोलकर उपहार देकर रक्षा का संकल्प दिया। सुबह से शुरू हुआ राखी बांधने का सिलसिला शाम तक चलेगा।

भाइयों की कलाई पर बहनों द्वारा रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लम्बी उम्र की कामना के साथ अपनी रक्षा का वचन भी ले रही हैं। रक्षाबंधन के त्योहार को लेकर शुक्रवार से बाजारों में काफी रौनक रही। बड़ी संख्या में लोगों ने खरीददारी की। राखी भाई बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार है। बहनें भाई की कलाइयों में रक्षासूत्र बांधकर उनकी लम्बी उम्र की कामना करती हैं। वहीं भाई हर मुसीबत में बहनों की रक्षा करने का वचन देते हैं। यूं तो राखी के बारे में कई पौराणिक कथाएं हैं, परन्तु अधिकतर विद्वानों का मत है कि शिशुपाल के वध के समय भगवान कृष्ण की उंगली सुदर्शन चक्र से कट गई थी और द्रोपदी ने अपने चीर का टुकड़ा बांधकर उनसे अपनी रक्षा का वचन लिया था। इसके बाद चीरहरण के समय भगवान कृष्ण ने रक्षाबंधन के वचन का ही निर्वहन किया था। वह वचन आज भी उतना ही पाक और सच्चा है। जिस राखी की डोर से बंधे हिमायूं ने चित्तौड़ की रानी कर्णवती को गुजरात के बादशाह बहादुर शाह से बचाने का वचन दे डाला वह आज भी उतना ही शाश्वत है। यह अलग बात है पौराणिक काल से बहनों द्वारा भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने का सिलसिले ने आधुनिक युग में भड़कीली राखियों ने ले लिया और अब तो इंटरनेट राखियों का प्रचलन शुरू हो चुका है। बहरहाल शनिवार सुबह से ही इस अद्भुत त्योहार से शहर सराबोर नजर आया। सभी भाइयों के माथे पर तिलक से सुशोभित नजर आए। उनकी कलाइयां भरी हुई थीं। बहनें अपने चेहरे पर नई चमक के साथ उनसे प्रेम भरा उपहार पाया।







**बाजारों में उमड़ी त्योहारी भीड़**

राखी के त्योहार को लेकर को बाजारों में सुबह से ही खरीददारों की काफी भीड़ रही। माह के पहले सप्ताह में इस त्योहार के पड़ने से नौकरीपेशा लोगों में उत्साह काफी नजर आया। बाजारों में बीती रात से ही मिठाइयों की दुकानों पर तैयारी कर ली गई थी। देर रात तक दुकानदार अपनी मिठाई की दुकानों को सजाने-संवारने में जुटे रहे। रक्षाबंधन के त्योहार के लिए अन्य मिठाइयों के अलावा घेवर की ज्यादा मांग रहती है। इधर राखी और कपड़ों का बाजार भी खूब चला।

**रेल-बसें फुल**

राखी पर घर जाने वालों की भीड़ से रेल और बसें फुल दिखाई दीं। ट्रेन और बसों में यात्रियों को पैर रखने तक को जगह नहीं थी। त्योहार को लेकर हालांकि रेलवे और रोडवेज ने विशेष व्यवस्थाएं की हुई थी। बस अड्डों पर बसों का यात्री इंतजार करते हुए नजर आए। हालांकि मुख्यमंत्री ने तीन दिन बहनों के लिए सफर मुफ्त कर दिया। इसके चलते बहनों की भीड नजर आई। रेलवे स्टेशनों पर भी और दिनों की अपेक्षा ज्यादा भीड़ थी। आगरा होकर गुजरने वाली सभी ट्रेनें फुल चलीं। पंजाब मेल, छत्तीसगढ़, सम्पर्क क्रांति, गोवा, मंगला सहित अन्य ट्रेनों की हालत यह थी कि यात्रियों को घुसने तक की जगह नहीं थी। आगरा कैंट, आगरा फोर्ट, राजामंडी स्टेशन पर सुबह से ही टिकट काउंटरों पर भीड़ लगी दिखाई दे रही। टिकट देरी से मिलने के कारण कई यात्रियों की ट्रेनें छूट गईं।

**बसों की किल्लत**

रक्षाबंधन के त्यौहार पर यात्रियों को बसों की किल्लत का सामना करना पड़ा रहा है। सुबह से ही लोग बसों का इंतजार कर रहे थे, लेकिन बसों की कमी के कारण यात्रियों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा। रात 10 बजे तक यात्री बसों का इंतजार करते रहे, लेकिन बसें नहीं मिलीं।यात्रियों ने बताया कि बसों की कमी के कारण उन्हें काफी परेशानी हुई और वे अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए समय पर नहीं पहुंच सके।

# होटल में युवक को बेरहमी से पीटा

- हिंदूवादियों ने होटल में मचाया जमकर उत्पात
- होटल के कमरे में युवती संग ठहरा था युवक

एनएनआई



**आगरा।** हिंदूवादियों ने एक होटल में जमकर हंगामा किया। 8-10 लोग जबरन होटल में घुसे। एक-एक कमरे को खुलवाकर चेक किया। इसके बाद एक युवक को पीटना शुरू कर दिया। हंगामे और मारपीट की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस के सामने भी युवक पर लात-घूंसे बरसाए गए। युवक जिस महिला के साथ होटल में था, वह हाथ जोड़कर छोड़ देने की गुहार लगाती रही। यह घटना शुक्रवार की है। इसका वीडियो भी सामने आया है।

होटल में घुसकर हमला करने के आरोपों को लेकर मैनेजर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मामला शमसाबाद के डीपी होटल का है। आगरा के शमशाबाद रोड पर डीपी होटल है। शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे एक युवक होटल पहुंचा। उसके साथ महिला भी थी। युवक ने होटल में कमरा बुक कराया। रिसेप्शन पर बैठे युवक ने उन्हें 106 नंबर का कमरा दिया।

इसके बाद दोनों अपने कमरे में चले गए। करीब 1 घंटे बाद करीब 8-10 युवक आए। वो खुद को हिंदूवादी का कार्यकर्ता बता रहे थे। उन्होंने होटल के रिसेप्शन पर बैठे युवक से कहा, रजिस्टर चेक कराओ। रजिस्टर में हिंदू महिला और मुस्लिम युवक को कमरा देने की जानकारी सामने आई। होटल के रजिस्टर में सलमान नाम के युवक की एंट्री थी। इसके बाद सभी लड़के ऊपर होटल के कमरे में चले गए। वहां के सभी कमरों के दरवाजों को खटखटाना शुरू कर दिया। थोड़ी ही देर में कमरा नंबर 106 का दरवाजा खटखटाया। उसमें से एक युवक और घूंघट किए एक महिला निकली। युवक के निकलते ही हिंदूवादियों ने हमला बोल दिया। उसके बाल पकड़कर खींचते हुए उसे नीचे ले आए। सोफे पर बैठा दिया। फिर करीब 8 से 10 युवकों ने थप्पड़ बरसाना शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस के सामने भी युवक को पीटते रहे। बाद में पुलिस उसे अपने साथ ले गई। मैनेजर पवन ने बताया- हमलावरों ने होटल में ठहरे सलमान नाम के युवक को जमकर पीटा। लात-घूंसे मारे। महिला और युवक हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाते रहे। महिला के साथ भी अभद्रता की। युवक के सिर को दीवार में मारा। महिला तो जैसे तैसे वहां से मौके पाकर भागने में सफल रही।होटल मैनेजर पवन ने अज्ञात लोगों के खिलाफ होटल में घुसकर तोड़फोड़ करने और कस्टमर के साथ मारपीट करने की एफआईआर शमशाबाद थाने में दर्ज कराई है।

थाना प्रभारी डीपी तिवारी का कहना है कि मैनेजर की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## अपनी बेटी से शादी करा दो नहीं तो गोली मार दूंगा

- पड़ोसी मनचले से परेशान पीड़िता ने पुलिस से लगाई बचाने की गुहार




**आगरा** एनएनआई। सदर बाजार थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने पड़ोसी लड़के पर छेड़छाड़ करने और विरोध पर धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि आरोपी सागर पुत्र मनोज उसे काफी दिनों से परेशान कर रहा है। शादी का दबाव बनाता है। उसके साथ गाली-गलौज करता है।

पीड़िता ने कहाकि आरोपी उसे जबरन गाड़ी पर बैठाने का दबाव बनाता है। उससे शादी करने की बात कहता है। इतना ही नहीं, आरोपी ने उसके पिता को जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी कई बार जबरदस्ती कर चुका है। इससे पहले आरोपी युवक ने स्कूल जाते समय उस पर तेजाब फेंक कर हमला किया था।

आरोपी के माता-पिता भी युवक का सहयोग करते हैं। आरोप है कि 6 अगस्त को आरोपी तमंचा लेकर घर आया और पिता की कनपटी पर लगा दिया। बोला, तुम्हारी बेटी से शादी कर करना चाहता हूं। नहीं माने तो गोली मार दूंगा। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है।

## नकली ज्वैलरी रख बैंक को लगाया चूना

एनएनआई

**आगरा।** नकली ज्वैलरी दिखाकर बैंक से गोल्ड लोन लेने का मामला सामने आया है। बैंक मैनेजर ने ज्वैलरी की जांच करने वाले सराफ समेत 2 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

आवास विकास सेक्टर 4 यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर जितेंद्र सिंह कैन ने बताया कि अनीता पत्नी मोनू निवासी मकान न- 499, प्रेम नगर, शाहगंज व मुरारीलाल सक्सेना 14 नवंबर 2022 को गोल्ड लोन लेने के लिए बैंक में आए थे। इन्होंने एक सोने की अंगूठी, चार सोने की चूड़ी और एक सोने का पेंडिल, गोल्ड लोन लेने के लिए दिए।

बैंक ने जांच के लिए सभी आभूषण ज्वैलर्स मनोज कुमार वर्मा को दिए थे। ज्वैलर्स ने बताया कि सभी सोने के आभूषण हैं। इस पर उन्हें 1.42 लाख और 1.15 लाख रुपए का लोन दे दिया गया। बाद में बैंक के दूसरे ऑडिटर सर्राफ संजय अग्रवाल के द्वारा गोल्ड को चैक करने पर सभी सोने के आभूषण नकली पाए गए। जब बैंक के कर्मचारी अनीता के घर पर गए तो उसका पता नहीं चला। इसके बाद गोल्ड की जांच करने वाले सर्राफ मनोज वर्मा के घर पर पहुंचे। वो इस मामले को घुमाने लगा। आरोप है कि मनोज वर्मा ने अपने साथी मुरारीलाल सक्सेना के साथ मिलकर साजिश के तहत नकली आभूषण को गोल्ड बताकर लोन दिलवाया है। पुलिस ने बैंक मैनेजर की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

## तनख्वाह मांगने पर दबंग राशन डीलर की गुंडागर्दी

**आगरा** एनएनआई। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के श्याम बिहार में एक दबंग राशन डीलर ने तनख्वाह मांगने पर श्रमिक को लोहे की रॉड से बेरहमी से पीट-पीटकर लहुलुहान कर दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

नुनीहाई निवासी सुभाष ने बताया कि वह पिछले 3 साल से श्याम नगर के राशन डीलर सोनू की दुकान पर मजदूरी कर अपना और? अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा है। शुक्रवार शाम करीब 6 बजे वह अपनी तनख्वाह लेने राशन डीलर के पास गया। आरोप है कि राशन डीलर सोनू ने गाली-गलौज करते हुए उसे धक्का देकर भगाने की कोशिश की। विरोध पर दबंगाई दिखाते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर लोहे की रॉड से सुभाष के सिर पर वार कर दिया। वह लहूलुहान हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## अधिवक्ता ने साथियों संग कैफे में की मारपीट, तानी पिस्टल

**आगरा** एनएनआई। थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के हाथरस रोड स्थित मिर्ची कैफे में नशे में धुत्त अधिवक्ता ने अपने चार दबंग साथियों के साथ कैफे संचालक और उसके दोस्तों को लाठी-डंडों से हमला बोल लहूलुहान कर दिया। आरोप है कि कारण पूछने पर अधिवक्ता द्वारा पिस्टल दिखाकर सभी को जान से मारने की धमकी दी।

ट्रांसयमुना क्षेत्र के पांडव बिहार निवासी राहुल और रोहित टेढ़ी बगिया क्षेत्र के हाथरस रोड स्थित मिर्ची कैफे में पार्टनर हैं। बृहस्पतिवार रात करीब 9 बजे वह बबलू, अंसारी, गौरी और सोनी के साथ कैफे में खाना खा रहे थे। तभी अधिवक्ता भीमप्रकाश और उसके साथ दबंग ओमवीर चौधरी सहित चार अज्ञात युवकों ने आकर गाली गलौज करते हुए अचानक से लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। वह घायल हो गए। विरोध करने पर दबंगों ने पिस्टल निकालकर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि घायलों को तत्काल मेडिकल के लिए भेजा गया था। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। भीमप्रकाश को शांतिभंग में चालान कर जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## 'गुड बॉय, मिलने आ जाना' 11वीं की छात्रा ने बनाई ऐसी रील, पुलिस के छूटे पसीने

एनएनआई

- पुलिस ने काउंसलिंग कर दी दोबारा ऐसा न करने की हिदायत

**आगरा।** शमसाबाद क्षेत्र की 11वीं की छात्रा ने बुखार की दवा खाते हुए रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की। इस पर लिखा है कि इतनी दवाई से तो काम हो ही जाएगा, गुड बाय, मिलने आ जाना... ओके। बैकग्राउंड में एक उदासी भरा गाना भी चल रहा था। इस रील पर मेटा (फेसबुक) ने आगरा पुलिस की सोशल मीडिया सेल को अलर्ट भेजा। रील बनाने वाले की लोकेशन भी शेयर की। इससे कुछ ही देर में छात्रा के घर पुलिस पहुंची। उसकी काउंसलिंग कर इस तरह की रील नहीं बनाने के बारे में समझाया।

शमसाबाद पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया पर रील शुक्रवार सुबह 10 बजे पोस्ट की गई थी। यह रील आत्महत्या करने से संबंधित थी। इससे लग रहा था कि दवा खाने वाली छात्रा जान दे रही है। मेटा से जानकारी मिलने पर सोशल मीडिया सेल ने पुलिस को बताया। 15 वर्षीय किशोरी ने वीडियो बनाया था। वह कक्षा 11 की छात्रा है। पिता किसान हैं। वह बुखार की दवा खाती है। दर्शाया इस तरह से गया था कि आत्महत्या कर रही है। इस पर कमेंट और लाइक आने लगे।


किशोरी के परिजन को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस ने उन्हें भी जानकारी दी। किशोरी से भी कहा कि वह इस तरह की रील नहीं बनाए। पुलिस कार्रवाई कर सकती है। परिजन से भी नजर रखने को कहा गया।

## स्पेशल जज कोर्ट में स्थानांतरित हुई सांसद कंगना रणौत केस की पत्रावली 20 अगस्त को सुनवाई

एनएनआई

**आगरा।** हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत के खिलाफ दायर रिवीजन में शुक्रवार को सुनवाई हुई। जिला जज संजय कुमार मलिक ने पत्रावली को स्पेशल जज एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया। अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी।

वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने 11 दिसंबर 24 को कंगना रणौत के खिलाफ अदालत में परिवाद प्रस्तुत किया था। आरोप लगाया था कि सांसद ने 26 अगस्त 2024 को एक बयान में किसानों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। जिससे किसान और उनकी भावनाएं आहत हुईं। अधीनस्थ न्यायालय ने परिवाद खारिज करने पर सत्र न्यायालय में रिवीजन प्रस्तुत किया। इस पर शुक्रवार को सुनवाई की गई।



दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
आगरा
www.nnindianews.com
शनिवार, 09 अगस्त, 2025





### सड़कों पर 12-14 साल के स्कूली बच्चे भी तेज रफ्तार बाइकों पर भर रहे फर्राटा

# बाली उम्र में टॉप गियर

एनएनआई

शहर के स्कूली स्टूडेंट्स अपनी उम्र को क्लास के मामले में न सही लेकिन सड़कों पर जरूर पीछे छोड़ रहे हैं। स्कूली बच्चों की उम्र कानूनन भले ही उन्हें ड्राइविंग की इजाजत न ही दें, लेकिन स्कूल बैग टांगे रफ्तार से होड़ लेने वाले स्टूडेंट्स की कमी नहीं है। स्कूल की आखिरी क्लास में पढ़ रहे स्टूडेंट्स की उम्र का आंकड़ा भी भले ही 18 साल पर नहीं पहुंचा जो, इसके बावजूद वे बेखौफ गाड़ी चला रहे हैं। ड्राइविंग लाइसेंस पाने के लिए नियमानुसार 18 साल या अधिक उम्र का होना जरूरी है। इससे पहले 16 साल की उम्र वाले व्यक्ति को भी टूव्हीलर ड्राइविंग लाइसेंस मिल जाता है, लेकिन सिर्फ बिना गियर वाली गाड़ी के लिए। उम्र का ये निर्धारण कई छात्रों को परेशान करता है, लेकिन उनके मुताबिक इसमें सिर्फ लड़कियों को ही फायदा है। उन्हें लड़कों के मुकाबले दो साल पहले ही गाड़ी चलाने की परमीशन मिल रही है, क्योंकि उनकी गाड़ियां बिना गियर वाली होती हैं। जबकि लड़कों को उनकी पसंदीदा बाइक चलाने के लिए लाइसेंस नहीं मिल पाता। ऐसे में ज्यादातर स्कूल स्टूडेंट्स नियम तोड़कर गाड़ी पर सवार हो रहे हैं।



### बोले बाईकर्सः कम हो उम्र सीमा

भारी बाइक चला रहे ग्यारहवीं के छात्र के मुताबिक मेरे पास लाइसेंस नहीं है, लेकिन गाड़ी चलाना तो अच्छी तरह आता है। बिना गियर वाली गाड़ी के जमाने अब गए। ऐसी गाड़ी चलाना अच्छा भी नहीं लगता। मेरा मानना है कि लाइसेंस अथॉरिटी को स्कूलों में शिविर लगाकर लाइसेंस देना चाहिए। वहीं ग्यारहवीं के ही एक अन्य छात्र का मानना है कि गियर वाली गाड़ियों का क्रेज खत्म हो गया है। लाइसेंस के लिए 16 साल की उम्र कर देनी चाहिए।

### कॉलेज लाइफ ही ड्राइविंग की सही उम्र



ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक जब भी स्कूली बच्चों की चेकिंग करते हैं तो उनमें से 70 फीसद ऐसे होते हैं जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होता। जबकि 90 फीसद स्कूली बच्चे हाईस्पीड बाइक चला रहे हैं। कानूनन उन्हें लाइसेंस नहीं मिलता। ऐसे में वे गाड़ी का दुरुपयोग करते हैं। सवाल यह है कि भले ही स्कूली बच्चों को गाड़ी चलना आता है, लेकिन वे मानसिक तौर पर इतने परिपक्व नहीं होते कि ड्राइविंग कंडीशन से तालमेल बैठा पाएं। जानकारों के अनुसार कॉलेज लाइफ शुरू होने पर ही ड्राइविंग लाइसेंस की सही उम्र आ पाती है। स्कूली बच्चों के गाड़ी चलाने में माता-पिता ज्यादा जिम्मेदार हैं। बच्चों की जिद पूरी करने के लिए वे उन्हें भारी गाड़ियां दिला देते हैं।

# शहर की यातायात व्यवस्था चौपट

**शोर करते हॉर्न...वाहनों के दमघोंटू धुएं के बीच फंसे लोग। यातायात पुलिस का मौजूद पूरा अमला भी व्यवस्था संभालने में नाकाम साबित हो रहा। यातायात व्यवस्था में अपनी नाकामी छिपाने के लिए पुलिस धडाधड चालान काट अपनी सक्रियता दर्शा रही है। जाम की यह समस्या किसी एक दिन की नहीं बल्कि रोज की है।**

आगरा (एनएनआई)। हर दिन सुबह से देर शाम तक लोगों को जाम के झाम से जूझना पड रहा है। एमजी रोड पर हर दिन जाम लग रहा है। हर चैराहे पर वाहन ऐसे गुत्थम-गुत्था होते हैं कि मिनटों का सफर घंटों में पूरा हो रहा है। मेट्रो के काम ने एमजी रोड की रफ्तार ही थाम दी है। सेंट जॉन्स चैराहे से लेकर धाकरान तक यातायात के हालात पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं। निकलना मुश्किल हो गया है। एमजी रोड ही नहीं शहर के अंदरूनी इलाकों के चैराहे भी जाम से कराह रहे हैं। जाम में फंसे लोग यातायात पुलिस की व्यवस्था को कोसते नजर आते हैं।

आलम यह है कि बिगड़ी यातायात व्यवस्था घंटों तक सुधर नहीं पाती। दोपहिया वाहन चालक इधर-उधर गलियों के विकल्प चुनते हैं, लेकिन जहां निकलो वहीं जाम लग जाता है। वहीं चार पहिया वाहन तो ऐसे फंस जाते कि रेंगते-रेंगते ही सफर तय करने को मजबूर होना पड रहा है। एमजी रोड से रेंगते हुए वाहनों ने जब राह बदली तो शहर के अंदरूनी इलाके भी जाम हो जाते हैं। हालात यह हैं कि शहर में जहां देखों वहीं वाहनों लम्बी-लम्बी कतारें लगी दिखाई देती है। मिनटों का सफर तय करने में वाहन चालकों की घंटों खपाने पड रहे हैं।

# तिरंगे की प्रेरणा से सजी रंगोलियां और राखियां

## आंबेडकर विश्वविद्यालय में प्रतियोगिताएं संपन्न

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद खंदारी परिसर स्थित स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज में 'हर घर तिरंगा अभियान 2025' के तहत तिरंगा प्रेरित रंगोली और राखी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति और रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और कुलपति प्रो. आशु रानी के निर्देशानुसार हुए इस आयोजन का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. भूपेंद्र स्वरूप शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। डीन प्रो. आर.के. अग्निहोत्री ने इसे देशभक्ति और सृजनशीलता का अनूठा संगम बताया। रंगोली प्रतियोगिता में दामिनी प्रथम, प्राची द्वितीय और कोमल तृतीय रहीं। राखी प्रतियोगिता में कशिश शर्मा ने प्रथम, मुस्कान उपाध्याय ने द्वितीय और श्रद्धा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक डॉ. शार्दूल मिश्रा और डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता की सराहना की। कार्यक्रम में प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। तिरंगे से प्रेरित रंगोलियों और राखियों ने देशप्रेम की भावना को प्रबल

# सरल, कष्ट सहिष्णु और निमोर्ही संत थे 'मौनी बाबा': आदीश मुनि

- जैन गच्छाधिपति सेठ प्रकाशचन्द महाराज को श्रद्धांजलि

एनएनआई



**आगरा।** श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन ट्रस्ट, आगरा की ओर से जैन स्थानक महावीर भवन में गच्छाधिपति वीतराग तपस्वी पूज्य गुरुदेव सेठ प्रकाशचन्द महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सभा आयोजित हुई। 96 वर्ष की आयु में 5 अगस्त को गोहाना में संथारा पूर्वक उनका देहावसान हुआ। श्रद्धांजलि सभा में सोनीपत, पानीपत और बड़ौत से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आगम ज्ञान रत्नाकर जयमुनिजी ने बताया कि सेठ प्रकाशचन्दजी ने 16 वर्ष की आयु में 18 जनवरी 1945 को दीक्षा ली थी और 80 वर्षों तक संत जीवन जिया। गुरु हनुमंत आदीश मुनि ने उन्हें ह्यमौनी बाबाह्न बताते हुए कहा कि वे सरल, कष्ट सहिष्णु और निमोर्ही संत थे। पूज्य आदित्य मुनि ने बताया कि जीवन के अंतिम नौ वर्षों में उन्होंने केवल पांच प्रकार के द्रव्य ही ग्रहण किए। सीएस उज्ज्वल जैन, सुशील जैन, राजकुमार जैन, सीए अनिल जैन और सुरेश जैन सहित कई श्रद्धालुओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। ट्रस्ट के महामंत्री राजेश जैन शिष्टमंडल सहित गोहाना पहुंचे, जहां हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए उपस्थित थे।

# लव-कुश जन्मोत्सव में झूमा महिला मंच, लोकगीतों पर थिरके कदम

- कुशवाह क्षत्रिय महिला सभा ने मनाया लव कुश जन्मोत्सव

एनएनआई

**आगरा।** कुशवाह क्षत्रिय महिला मंच ने श्रावण एवं लव कुश महोत्सव का आयोजन कारगिल चौराहा स्थित रीगल बैंक्वेट हॉल में हर्षोल्लास से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेविका नीलू धाकरे एवं विशिष्ट अतिथि एडवोकेट जयंती ठाकुर, अनिता कुशवाह, अनामिका चौहान, गीता राठौड़ और इंदू सिंह जादौन ने ईश्वर चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता रीना सिंह ने कहा कि यह आयोजन नई पीढ़ी को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास है। लव कुश महाराज के जन्मोत्सव को शक्ति, संस्कृति और प्रकृति के समागम के रूप में मनाया गया। झूले पड़े अमरइया डार, नाचे राधा मोहन कर संग... जैसे लोक गीतों पर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। अध्यक्ष शशि सिंह ने बताया कि कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ। पहले सत्र में श्रीराम के पुत्र लव और कुश की गौरवगाथा प्रस्तुत की गई, जिसमें कुलदेवी जमवाय माता और लव-कुश की जीवंत गाथा को प्रियांशी, छवि, गुनगुन, पीहू और टीना ने मंच पर उतारा। दूसरा सत्र ह्यश्रावण




उत्सव लोक मल्हार को समर्पित रहा, जिसमें परंपरागत हरित परिधानों में महिलाओं ने रैंप पर कैटवॉक कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को भाई-बहन के पर्व रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की व्यवस्था पविता सिंह ने संभाली, जबकि संचालन अल्पना सिंह ने किया। कार्यक्रम में अलका शर्मा, रूबी शाक्य, रीनू वर्मा, रिंकी उपाध्याय, कमलेश सिंह, विनीता सिंह, ममता सिंह, उषा कुशवाह, रागनी, श्वेता, माधवी, राधा, रीनू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# माथुर वैश्य महासभा चुनाव में मुकेश गुप्ता 'मामा' और रीता अलंकार ने ठोकी दावेदारी



एनएनआई

**आगरा।** अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के आगामी चुनाव को लेकर शुक्रवार को पंचकुइया स्थित महासभा भवन का परिसर उत्साह और समर्थन के नारों से गूंज उठा। समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं फिरोजाबाद क्लब के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ह्यमामाह्न ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए, जबकि रीता अलंकार ने केंद्रीय महिला मंडल अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। नामांकन के समय विभिन्न प्रांतों से आए सैकड़ों गणमान्य सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे। तीन-तीन शाखा सभाओं और महिला मंडल के दो पदाधिकारियों सहित कुल 15-15 प्रस्तावकों ने दोनों उम्मीदवारों के नाम का समर्थन किया। महासभा के निर्वाचन आयोग अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि यह चुनाव महासभा के त्रिवार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी अक्टूबर माह में प्रस्तावित है। इसमें मतदान का अधिकार केवल विभिन्न अखिल भारतीय शाखा सभाओं से नामित पांच सदस्यों को होगा, जिनमें तीन शाखा सभा प्रतिनिधि और महिला मंडल के दो पदाधिकारी शामिल हैं। नामांकन के दौरान हर्षवर्धन गुप्ता, मनोज गुप्ता, संजय गुप्ता, रघुनाथ गुप्ता, केशव गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद (कानपुर), अशोक गुप्ता, कुलदीप गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शांतिनाथ महामंडल विधान में विशेष पूजा, श्रद्धालुओं ने किया वृहद शांतिधारा

एनएनआई



**आगरा।** श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन मंदिर, गुदड़ी मंसूर खां में चल रहे 16 दिवसीय शांतिनाथ महामंडल विधान के 15वें दिन शुक्रवार को विशेष पूजा-अर्चना हुई। श्रद्धालुओं ने भगवान शीतलनाथ की वृहद शांतिधारा की, जिसका सौभाग्य नायक परिवार को प्राप्त हुआ। इसके बाद इंद्र-इंद्राणियों ने विधि-विधान से मांगलिक क्रियाएं संपन्न कीं। आगरा दिगंबर जैन परिषद के पदाधिकारियों और नवीन कार्यकारिणी सदस्यों ने चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन किया। विधान पंडित सौरभ जैन शास्त्री के निर्देशन में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि जैन संस्कृति में शुक्ल पक्ष के 16 दिनों का विशेष महत्व है। इन दिनों भगवान शांतिनाथ की आराधना से सातिशय पुण्य की प्राप्ति होती है। पौराणिक मान्यता है कि रामायण काल में मथुरा में फैली महामारी के समय 16 दिवसीय यह अनुष्ठान करने से महामारी का शमन हुआ था, तभी से इसकी परंपरा जारी है। मंदिर कमेटी ने अतिथियों का दुपट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर राकेश जैन पदेवाले, सुनील जैन ठेकेदार, मनीष जैन, सुभाष जैन, जिनेंद्र जैन, राकेश जैन पार्षद सहित जैन समाज के अनेक लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# 81 कृषकों का ई-लॉटरी से हुआ चयन, खिले चेहरे

एनएनआई

- रू0 10 हजार से अधिक अनुदान वाले 81 कृषि यंत्रो के सापेक्ष कुल 417 की हुई बुकिंग

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में गठित जिलास्तरीय समिति के समक्ष कृषकों की उपस्थिति में कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 81 कृषकों का शासनदेशानुसार ई-लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया है।

ई-लॉटरी में चयनित कृषकों को सूचना उनके मोबाइल नम्बर पर पर भी प्राप्त हुयी। वर्तमान वित्तीय वर्ष में रू0 10000-00 से अधिक अनुदान वाले 81 कृषि यंत्रो (रोटावेटर, कम्बाइन हार्वेस्टर, पावर ऑपरेटैड चैफकटर, पुटैटो प्लान्टर, पुटैटो डिगर, हैरा, कल्टीवेटर आदि) के सापेक्ष कुल बुकिंग 417 की बुकिंग हुई, जिसके सापेक्ष 81 यंत्रो हेतु कृषकों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया। चयन का मैसेज प्राप्त होने के उपरान्त चयनित कृषकों के चहरे प्रसन्नता से खिलखिला उठे।

ई-लॉटरी के समय प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (नामामि गंगे), उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अग्रिणी बैंक जिला प्रबन्धक केनरा बैंक, प्रगतिशील कृषक श्री मोहन सिंह चाहर, श्री हरीश कुमार दुबे, श्री मान सिंह एवं श्री हरीश कुमार सहित जनपद के सुदूर क्षेत्रों के लगभग 210 कृषकगण उपस्थित रहे।

## रक्षाबंधन पर्व पर माताओं व बहनों को नई सौगात

# अब ई-बस देंगी सुरक्षा एवं सुगम यात्रा में साथ

एनएनआई



**आगरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश अनुसार रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में माताओं व बहनों तथा उनके साथ यात्रा करने वाले सहयात्री के लिए 8, 9 और 10 अगस्त 2025 को नगरीय परिवहन की बसों की सेवा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी।

इसी क्रम मे नगर निगम द्वारा संचालित इलेक्ट्रिक बस सेवा ने एक बार फिर माताओं व बहनों के लिए संवेदनशीलता और सेवा भाव का परिचय दिया है। आगरा शहर में चल रही इन आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल बसों ने अपने स्वच्छ, सुरक्षित और समयनिष्ठ संचालन से पहले ही यात्रियों का दिल जीत लिया है। विशेष रूप से महिलाओं के लिए बसों में आरक्षित सीटें, उउळश कैमरे, परिचालक, एसी और पैनिक बटन जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे उनकी यात्रा सुरक्षित और आरामदायक हो और आज हम गर्व से कह सकते है कि हम प्रत्येक त्यौहार में आप के साथ है। जैसा कि आप सभी को ज्ञात है कि आगरा शहर में नगरीय बस सेवा में 100 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है जिसके संचालन के और बेहतर बनाने को लिए कम्पासी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधन निर्देशक कृष्णा कुमार सिंह जी के द्वारा एमजी रोड पर औचक निरक्षक किया गया और आम लोगो से इलेक्ट्रिक बस सेवा के बारे में जाना और इलैक्ट्रिक बस सेवा को बेहतर बनाने के लिए उचित कदम उठाने के लिए कहा गया। जिसके संचालन में प्रबंधक सतेन्द्र प्रताप सिंह और उनकी टीम के साथ साथ,ग्रीन सेल मोबिलिटी के सौरव पांडे, अंबिकेश , योगेश , सुशील मिश्र ,अनिल तथा कम्पासी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के बिजनेस हेड आशुतोष वर्मा उनकी टीम , नवीन ,योगेंद्र शैलेश ,राकेश, चिराग, अंकुर, विनोद और ड्राइवर आदि लोग ने अपना पूरा योगदान दिया।

## कपड़े के थैले बांट दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**आगरा** एनएनआई। भारत विकास परिषद संयम शाखा द्वारा कपड़े के थैलों का वितरण हरिपर्वत स्थित बीपी पेट्रोल पम्प पर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ब्रजप्रांत मार्गदर्शक सोमदेव सारस्वत, संरक्षक रवि शिवहरे, संयोजक सौरभ अग्रवाल और रीना अग्रवाल ने की। अध्यक्ष अजय जैन ने कहा कि प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए घातक है। ऐसे में कपड़े के थैले पर्यावरण के अनुकूल विकल्प हैं, जो बार-बार उपयोग किए जा सकते हैं और प्रदूषण भी नहीं करते। सचिव संजीव अग्रवाल ने बताया कि अपने को कैंसर से बचने के लिए प्लास्टिक का प्रयोग पूर्ण रूप से त्यागना होगा तभी हमारे आने वाली पीढ़ी खुली हवा में सांस ले पाएगी। इस अवसर पर किशन गुप्ता, हर्ष खटाना, गौरव अग्रवाल, दीपेश बंसल, यतिन अग्रवाल, कन्हैया गोयल, रवि अग्रवाल, चंद्रेश गर्ग, अमित अग्रवाल, सीमा गोयल, रजनी जैन, वैशाली अग्रवाल, सीमा खटाना, दीपाली, पूजा, नीतू आदि मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा पर आयोजित प्रतियोगिताओं में छाए यूनिवर्सिटी मॉडल स्कूल के बच्चे

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद परिसर स्थित यूनिवर्सिटी मॉडल स्कूल में हर घर तिरंगा कार्यक्रम-2025 के प्रथम चरण (2 से 8 अगस्त) के अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रभक्ति गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति की भावना को प्रबल करना तथा राष्ट्रीय प्रतीक तिरंगा के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा प्रेरित कला (पोस्टर), तिरंगा राखी निर्माण तथा तिरंगा बुनाई एवं धागे की गतिविधियाँ (कैनवास) प्रमुख आकर्षण रहे। छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल कला और सृजनात्मकता का परिचय दिया, बल्कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपने आदर और जुड़ाव को भी प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ निषाद के निर्देशन में किया गया।



## गुरुकुल किड्ज एकेडमी में मनाया रक्षाबंधन

**आगरा** एनएनआई। आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर चार ए में स्थित गुरुकुल किड्ज एकेडमी में भाई- बहन के मधुर प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन के त्योहार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या हेमलता जौहरी ने सभी बच्चो को इस पर्व का महत्व बताया। राधामिश्रा ने सभी को रक्षाबंधन की बधाई दी और कहा कि हमें सभी त्योहार आपस में मिलकर मनाने चाहिए। हमारे त्योहारों की गरिमा हमें एकता के सूत्र में बांधती है। इस अवसर पर श्रीमती दीप्ति शर्मा, श्रीमती नेहा सचदेव, सोनम शर्मा, मानवी कुशवाह, रश्मि, नीलम शर्मा, साक्षी दीक्षित, श्वेता सिंह एवं मुस्कान गोला आदि ने कार्यक्रम में अपना योगदान दिया। एकेडमी मैनेजर दिलीप जौहरी, विनोद कुमार जौहरी तथा गौरव जौहरी भी उपस्थित रहे।



## रैंप पर म्याऊं-म्याऊं: सिया, रॉबिन और एंजेल बनीं वर्ल्ड कैट डे की स्टार

- वर्ल्ड कैट डे पर नेहरू हॉस्पिटल में हुआ बिल्लियों का फैशन शो
- 400 से अधिक बिल्लियों का हेल्थ चेकअप, फ्री टीकाकरण

एनएनआई

**आगरा।** बाईपास रोड स्थित डॉ. नेहरू मल्टीस्पेशलिटी डॉग एंड कैट हॉस्पिटल में फेलाइन क्लब ऑफ इंडिया

शुक्रवार को वर्ल्ड कैट डे का जश्न बेहद खास अंदाज में मनाया गया। मुख्य आकर्षण रहा कैट फैशन शो, जिसमें बिल्लियों ने रैंप पर अपनी अदाओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

फैशन शो में प्रथम स्थान सिया (स्वामी झ मयंक मेहता), द्वितीय स्थान रॉबिन (स्वामी झ सलोनी बघेल) और तृतीय स्थान एंजेल (स्वामी झ पूजा त्रिपाठी) ने हासिल किया। विजेताओं को विशेष गिफ्ट हैम्पर्स प्रदान किए गए। शो के दौरान दर्शकों की तालियां और कैमरों की फ्लैश लगातार माहौल को खुशनुमा बनाए रहीं। कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे दिन का निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया, जिसमें 400 से अधिक बिल्लियों का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण किया गया। बिल्लियों को निशुल्क एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए गए। पेट के कीड़ों की दवा, शैंपू और कैट ट्रीट्स वितरित किए गए।



डॉ. संजीव नेहरू ने बताया कि बिल्लियों को हर महीने पेट के कीड़ों की दवा अवश्य दिलवानी चाहिए, अन्यथा उन्हें खुजली, खून की कमी, आंखों से पानी आना और आंखों की रोशनी खराब होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी जोर दिया कि एंटी रेबीज का टीका हर वर्ष लगवाना जरूरी है ताकि पेट स्वस्थ और सुरक्षित रहें। प्रबंधक निशि नेहरू और सह प्रबंधक सलोनी नेहरू ने सभी प्रतिभागियों और पेट लवर्स का आभार व्यक्त किया। व्यवस्था डॉ श्रीधर नेहरू ने संभाली।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# मारपीट कर घर से निकाली गर्भवती



- 8 महीने पहले हुई थी शादी, बाह के बस अड्डा से रात में पुलिस को किया कॉल, अस्पताल में भर्ती कराई

एनएनआई

**बाह।** बाह के खटीक टूला की 5 माह की गर्भवती काजल को ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसका मोबाइल तक छीन लिया। बस अड्डा पर पहुंची काजल ने एक यात्री के मोबाइल से कॉल कर पुलिस को बुलाया। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से काजल को इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया। अस्पताल में काजल की मां मीरा भी पहुंच गई। 8 महीने पहले हुई पिनाहट के रघुनाथपुरा की काजल की शादी बाह के खटीक टूला के सनी के साथ हुई थी। काजल ने पुलिस को बताया कि ससुराली 5 लाख की मांग कर उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। ब्रहस्पतिवार की रात 9 बजे उसे लात घूसों से पीटा और घर से निकाल दिया। मायके से पहुंची मां मीरा ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुराली रुपयों की मांग को लेकर काजल के साथ मारपीट कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस से जांच और कार्रवाई की गुहार लगाई है।



## उफान के बाद थमी यमुना, तराई की डूबी हुई फसलों को लेकर किसान परेशान।

**बाह एनएनआई।** उफान के बाद शुक्रवार को यमुना नदी का जलस्तर थम गया है। यमुना के उफान के पानी में रामपुर चंद्रसेनी, बलाई, बिठौली, बटेश्वर, भोर, स्याइच, कोट का पुरा, बड़ापुरा, सुंसार, बिक्रमपुर कछार, कमतरी, चतुर्भुजपुरा, नौगवां, चरीथा, गढ़वार, बाग गुड़ियाना के तराई के खेतों में पानी भरा हुआ है। अरविंद, बलराम, रघुवीर सिंह आदि किसानों ने बताया कि डूबी फसलों के सड़ने का खतरा पैदा हो गया है। उफान के बाद भले ही यमुना नदी स्थिर हो गई है। लेकिन बटेश्वर के घाट पर डरावनी स्थिति बनी हुई है। बाह के एसडीएम हेमंत कुमार ने बताया कि एतिहातन बचाव और राहत के लिए 5 बाढ़ चौकियां बटेश्वर, बिक्रमपुर, पारना, कचौराघाट, रामपुर चंद्रसेनी में बनाई गई हैं। नदी का जलस्तर स्थिर हो गया है। फिर भी नजर रखी जा रही है।

## महाशिवपुराण के विश्राम दिवस पर महिला मंडल द्वारा भण्डारे का आयोजन



**आगरा एनएनआई।** श्रावण मास के पूरे महीने चलने वाली महा शिवपुराण कथा का आयोजन श्री राधा कृष्ण मंदिर 580 परिवार पार्श्वनार्थ कॉलोनी ताजनगरी फेस दो में बड़े श्रद्धा भाव से महिला मंडली द्वारा किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन उपस्थित होकर कथा वाचक आचार्य लव कुश पाराशर जी के मुखारबिंद महा शिवपुराण कथा का आनंद लिया। आज कथा के विश्राम अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिससे पूरे सद्भावना की मिसाल पंचवटी परिवार में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा भोले बाबा की जयजयकार के साथ महिलाओ ने सेवा भाव से भोग प्रसादी भंडारे की सेवा कर प्रसंता का अजहार किया। इस अवसर पर सुमन चाहर, कलावती,देवकी, चाँदनी भोजवानी,गीता आहूजा, ममता सिंह, संजू सिंह,लता भक्तयानी, स्वाती मेहंदीरत्ता, अविता गुप्ता उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर में धूमधाम से संपन्न हुआ तिरोभाव महोत्सव



**वृन्दावन एनएनआई।** सेवाकुंज गली स्थित श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर में श्रावण मास के अवसर पर चल रहे झूलन महोत्सव के अंतर्गत गौडीय सम्प्रदाय की बहुमूल्य विभूति रूप गोस्वामी महाराज का तिरोभाव महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।सर्वप्रथम श्रीपाद रूप गोस्वामी महाराज के चित्रपट का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया गया।तत्पश्चात संत-विद्वत सम्मेलन का आयोजन हुआ।जिसकी अध्यक्षता करते हुए चतुःसम्प्रदाय के श्रीमहंत फूलडोल बिहारीदास महाराज ने कहा कि श्रीपाद रूप गोस्वामी महाराज गौडीय सम्प्रदाय के संवर्धक व उन्नायक थे।उन्होंने ब्रजभूमि में साधमरत रहकर 17 ग्रंथों की रचना की।जिनमें उज्ज्वल नीलमणि,भक्ति रसामृत सिंधु,विदग्ध माधव नाटक, ललित माधव नाटक, हंसदूत व उद्धव संदेश आदि प्रमुख हैं।

श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर के सेवायत भक्ति वेदांत स्वामी मधुसूदन महाराज ने कहा कि श्रीपाद रूप गोस्वामी महाराज गौडीय सम्प्रदाय के षट गोस्वामियों में सर्वप्रमुख थे।कलयुग पावनावतार चैतन्य महाप्रभु से प्रेरित होकर उन्होंने अपना मंत्री पद का त्याग कर अपना समूचा जीवन ब्रज में रह कर श्रीकृष्ण भक्ति में समर्पित कर दिया।

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी व पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि श्रीपाद रूप गोस्वामी ने असंख्य व्यक्तियों का कल्याण कर उन्हें ब्रज की विशुद्ध प्रेमा भक्ति व रागानुगा भक्ति की ओर प्रेरित कर सन्मार्ग पर चलना सिखाया।

भक्ति वेदांत दामोदर महाराज व भक्ति वेदांत गोपानंद वन महाराज ने कहा कि श्रील रूप गोस्वामी महाराज ने श्रीधाम वृन्दावन के भक्तिमय स्वरूप को उजागर किया।साथ ही भक्तों के कल्याणार्थ ठा. श्रीगोविन्द देव भगवान का दिव्य विग्रह प्रगट किया।जिसके लिए समस्त सनातन धर्मावलंबी उनके सदैव आभारी रहेंगे।

# दिया ज्ञान का भंडार हमें....




एनएनआई

**आगरा।** सेंट एंड्रयूज स्कूल बरौली अहीर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए चयनित छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि "श्री जयवीर सिंह सिरोही" (एस.एच.ओ. थाना प्रभारी ताजगंज), स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. गिरधर शर्मा, निदेशिका सी.ए. अपूर्वा शर्मा, प्रधानाचार्या साहिबा खान, उप प्रधानाचार्या रीता राय ,बी.डी.दुबे द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि को बैज लगाकर पौधा समर्पित कर उनका स्वागत किया गया। स्कूल निदेशिका सी.ए. अपूर्वा शर्मा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए इसे गौरवशाली दिन बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में सरस्वती वंदना की आकर्षक नृत्य प्रस्तुति एवं सामूहिक गान ने सभागार में बैठे सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को उनके बैज, व सैशे पहनाकर ध्वज प्रदान किये। विद्यालय के नवनिर्वाचित सांसद सदस्य इस प्रकार हैं हेड बॉय कबीर सिंह, हेड गर्ल शरन्नया श्रीवास्तव, कल्चरल इंचार्ज काकुल, स्पोर्ट्स कैप्टन संभव शर्मा, रेड हाउस इंचार्ज सौम्या वशिष्ठ, ग्रीनहाउस इंचार्ज भवया सिंह, येलो हाउस इंचार्ज अन्नया उपाध्याय, ब्लू हाउस इंचार्ज अश्मित अरोड़ा, डिसिप्लिन इंचार्ज मयंक शाक्या आदि ने अपने-अपने पद एवं निष्ठा की शपथ ग्रहण की। एजेंटस ऑफ चेंज के छात्र छात्रों को भी बैज लगाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कैबिनेट के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि अपने अंदर आत्मविश्वास और कुछ कर गुजरने का साहस होना चाहिए तथा कार्यक्रम की सराहना करते हुए सबका आभार प्रकट किया।

## जानकी वल्लभ मंदिर में मनाया त्रिपाद्विभूति प्राप्ति महोत्सव

**वृन्दावन एनएनआई।** केशीघाट स्थित ठा. श्रीजानकी वल्लभ मंदिर में श्रीमद् वेदान्त देशिक आश्रम ट्रस्ट के द्वारा चल रहे बैकुंठवासी श्रीवेदान्तदेशिक पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित जगद्गुरु स्वामी रामानुजाचार्य परमहंस स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज के 26वें त्रिदिवसीय त्रिपाद्विभूति प्राप्ति महोत्सव के अंतर्गत संतों व विद्वानों की सन्निधि में स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज का पावन स्मरण किया गया।साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य उनकी प्रतिमा का पूजन-अर्चन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए सुग्रीव किला अयोध्या/वृंदावन पीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी विश्वेशप्रपनाचार्य महाराज एवं महामंडलेश्वर स्वामी नवल गिरी महाराज ने कहा कि बैकुंठवासी स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज बहुत ही दयालु एवं सात्विक प्रवृत्ति के संत थे।उनके द्वारा निरंतर समाज के हित में कई कार्य किए गए।वे श्रीधाम वृंदावन की दिव्य विभूति थे।

श्रीजानकी वल्लभ मंदिर के अध्यक्ष जगद्गुरु स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज व स्वामी रघुनाथाचार्य महाराज ने कहा कि हमारे सद्गुरुदेव स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज सहजता, सरलता, उदारता व परोपकारिता आदि अनेकों सद्गुणों की खान थे।हम लोग यदि उनके किसी एक गुण को भी अपने जीवन में धारण कर लें तो हमारा कल्याण हो सकता है।

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# भक्तामर स्तोत्र से सामूहिक उपचार आगरा में अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव





जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जेआईटीओ) लेडीज ऑर्गेनाइजेशन द्वारा हाल ही में आयोजित विशेष 'भक्तामर हीलिंग सत्र' में आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति और सकारात्मकता का अद्वितीय संगम देखने को मिला। यह तीन घंटे का सत्र प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या डॉ. शिल्पा जैन के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया और सभी ने इसे जीवन का यादगार अनुभव बताया।

एनएनआई

सत्र की शुरूआत में प्रत्येक प्रतिभागी को एक-एक पानी की बोतल दी गई, जिसमें इलायची डाली गई थी। इसके बाद डॉ. शिल्पा जैन के नेतृत्व में भक्तामर स्तोत्र के श्लोकों का सामूहिक जाप शुरू हुआ। जैसे-जैसे मंत्रों की गूंज पूरे वातावरण में फैलती गई, श्रद्धा और भक्ति का माहौल गहराता चला गया।

डॉ. जैन ने अपने संबोधन में भक्तामर स्तोत्र के महत्व और इसकी अद्भुत शक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'भक्तामर के प्रत्येक श्लोक में ऐसी ऊर्जा है, जो न केवल मन और शरीर को शुद्ध करती है, बल्कि जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाती है। सामूहिक जाप से यह शक्ति कई गुना बढ़ जाती है।' उन्होंने यह भी बताया कि प्राचीन काल से मंत्रों का उपयोग उपचार और ऊर्जा संतुलन के लिए किया जाता रहा है, और आज के समय में भी इसका महत्व उतना ही है।

तीन घंटे तक चले इस सत्र के दौरान कई प्रतिभागियों ने भीतर तक कंपन और रोमांच महसूस किया। कुछ ने आँखें बंद कर पूरी तरह मंत्रों में डूब जाने का अनुभव साझा किया, तो कुछ ने कहा कि इस जाप ने उनके मन से भारीपन दूर कर दिया।



विशेष बात यह रही कि जाप के दौरान सभी के सामने रखा गया जल, सामूहिक मंत्र-ऊर्जा से चार्ज हो गया। सत्र के अंत में इसे प्रसाद स्वरूप सभी को पिलाया गया। जल ग्रहण करने के बाद कई प्रतिभागियों ने हल्कापन, सुकून और नई ऊर्जा का अनुभव होने की बात कही।



डॉ. शिल्पा जैन ने अपने उद्बोधन में यह भी बताया कि भक्तामर स्तोत्र का नियमित और भावपूर्ण उच्चारण जीवन में चमत्कारी परिवर्तन ला सकता है। यह न केवल मानसिक तनाव और भय को दूर करता है, बल्कि आत्मविश्वास, स्वास्थ्य और रिश्तों में भी सकारात्मकता लाता है। उन्होंने कहा, 'जब हम सभी एक साथ मंत्र का जाप करते हैं, तो उसकी शक्ति व्यक्तिगत साधना से कई गुना अधिक होती है, क्योंकि सामूहिक ऊर्जा पूरे वातावरण को बदल देती है।'

जेआईटीओ लेडीज ऑर्गेनाइजेशन की इस पहल को महिला शक्ति और सामूहिक साधना की प्रेरणादायक मिसाल के रूप में सराहा गया। आयोजन समिति की सदस्यों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने, मानसिक शांति प्रदान करने और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं।

सत्र समाप्त होने के बाद सभी प्रतिभागियों ने डॉ. जैन का आभार व्यक्त किया और आग्रह किया कि ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहें। कई प्रतिभागियों ने कहा कि यह केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि आत्मा को गहराई से छू लेने वाला अनुभव था। इस कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया कि भक्तामर स्तोत्र जैसी प्राचीन वाणी आज भी उतनी ही प्रभावशाली है, जितनी सदियों पहले थी। सही मार्गदर्शन और सामूहिक साधना के साथ इसका अभ्यास मन, शरीर और आत्मा -तीनों में अद्भुत संतुलन और ऊर्जा भर सकता है।

## संपादकीय

# गहराता अविश्वास

बिहार में मतदाता सूची के हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सुलगते विवाद की आंच पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु तक पहुंच गई है।पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान यानी एसआईआर शुरू नहीं हुआ है। इसकी तैयारी चल रही है और उससे पहले ही विवाद छिड़ गया है। चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को चार अधिकारियों को निलंबित करने का निर्देश दिया है। आयोग का कहना है कि ये लोग फर्जी वोटर बनवाने के काम में लगे थे।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अड़ गई हैं कि वे इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगी। ममता ने प्रोपराइटी की मामला उठाया है। उन्होंने कहा है कि अभी राज्य में चुनाव की घोषणा नहीं हुई है इसलिए कानूनी रूप से चुनाव आयोग को कोई भी आदेश देने का अधिकार नहीं है। मतदाता सूची के काम में लगे अधिकारी राज्य सरकार के हैं और राज्य सरकार उनके बारे में फैसला करेगी। हालांकि आयोग को भी इसका अंदाजा है तभी उसने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है। लेकिन इस मसले पर ममता बनर्जी टकराव के मूड में हैं। वे चुनाव आयोग का आदेश नहीं मानेंगी। फिर यह मामला अदालत जाएगा।इस घटनाक्रम से यह भी स्पष्ट हो गया है कि पश्चिम बंगाल में बिहार की तरह एसआईआर की प्रक्रिया बहुत आसान नहीं रहने वाली है। बिहार में तो एनडीए की सरकार है, जिसने चुनाव आयोग से सहयोग किया। लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार है।यह भी माना जा रहा है कि ममता बनर्जी की सरकार और उनकी पार्टी दोनों मिल कर यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके समर्थकों के नाम नहीं कटें। अगर इसके लिए आननफानन में नागरिकता प्रमाणित करने वाले किसी दस्तावेज की जरुरत होगी तो वह भी मुहैया कराया जाएगा।


चर्चा और खबरें है कि अब तमिलनाडु में सत्ताधारी डीएमके और उसके सहयोगी दलों ने आरोप लगाया है कि ऐसे साढ़े छह से सात लाख मजदूरों के नाम तमिलनाडु की मतदाता सूची में शामिल कर दिए गए हैं।बिहार में विपक्ष की शिकायत है कि वहां लाखों ऐसे मजदूरों को मताधिकार से वंचित कर दिया गया है, जो रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे राज्यों में जाकर काम करते है। जबकि बड़ी संख्या में ऐसे मजदूर चुनाव के वक्त वोट डालने के लिए भी अपने गांव-घर लौटते हैं।सामान्यतः मान्यता यही है कि जो लोग जहां रहते हों, वे वहीं मतदान करें। ये सामान्य समय नहीं है। यह देश में गहराते अविश्वास और विभाजन की चौड़ी होती रेखाओं का वक्त है। डीएमके और उसके साथी दलों का इल्जाम है कि केंद्र में सत्ताधारी भाजपा तमिलनाडु की जनसंख्या का स्वरूप बदलना चाहती है। वह वहां हिंदीभाषी लोगों को लाकर बसाना चाहती है, ताकि वहां उसकी राजनीतिक जड़ें गहरी हो सकें। कहा जा रहा है कि तमिलनाडु के अलग अलग शहरों और महानगरों में प्रवासी मतदाताओं की संख्या बढ़ सकती है। इससे डीएमके और अन्य पार्टियों को लग रहा है कि पूरी डेमोग्राफिक संरचना बदल सकती है। इसके साथ ही राज्य का पूरा राजनीतिक परिदृश्य भी बदल सकता है। अगर प्रवासी मतदाताओं की संख्या 10 लाख तक हो जाती है तो वे अनेक विधानसभा सीटों पर नतीजों को प्रभावित करने की स्थिति में होंगे। डीएमके और उसकी सहयोगी पार्टियों को लग रहा है कि यह मतदाता समूह भाजपा के लिए वोट करेगा, जिसका नतीजों पर बड़ा असर हो सकता है। आने वाले दिनों में इस पर विवाद बढ़ने की संभावना है।

उधर बिहार में विपक्ष का आरोप है कि भाजपा की शह पर निर्वाचन आयोग पिछड़े समुदाय के लोगों के नाम राज्य की मतदाता सूची से हटा रहा है, ताकि चुनाव में भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए की जीत सुगम हो सके। देश के अन्य हिस्सों पर नजर डालें, तो अविश्वास और विभाजन की ऐसी अनेक खाइयां चौड़ी होती नजर आएंगी। इसी बीच कराए जा रहे एसआईआर ने देश की निर्वाचन प्रणाली पर ही संदेह का साया डाल दिया है। चुनावों की साख एवं निर्वाचन आयोग निष्पक्षता पर अब खुल कर सवाल उठाए जा रहे हैं।

हैरतअंगेज है कि इन हालात से सत्ता पक्ष और निर्वाचन आयोग तनिक भी चिंतित नहीं है। वे एकतरफा ढंग से अपने एजेंडे पर आगे बढ़ रहे हैं। जबकि जरूरत तुरंत संवाद शुरू कर अविश्वास की खाई भरने की है। यहां कोई सलाह सुनने को तैयार नहीं है। ना ही इस प्रक्रिया से आशंकित दलों से संवाद करने को तैयार है। जाहिर है, इस प्रक्रिया में निर्वाचन से जुड़े सभी हितधारकों का विश्वास हासिल करने की तनिक भी चिंता नहीं है। यह चिंताजनक स्थिति है। इसका परिणाम भारत की चुनाव प्रक्रिया में अविश्वास का बढ़ना होगा, जो एक अशुभ घटना होगी।मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने का एकमात्र उद्देश्य अनियमितताएं दूर करना होना चाहिए, ताकि मतदाताओं का चुनाव आयोग और लोकतंत्र में भरोसा बना रहे।

# रीना तब भी उनके साथ थीं जब आमिर खान कुछ नहीं थे

**भाई की पर्सनल लाइफ पर बोले फैसल**



'रीना तब भी उनके साथ थीं जब आमिर खान कुछ नहीं थे', भाई की पर्सनल लाइफ पर बोले फैसल भाई आमिर खान की एक्स वाइफ रीना दत्ता के बारे में बात करते हुए फैसल खान ने बताया कि जब रीना और आमिर अलग हुए तो उन्हें बहुत दुख हुआ। फैसल ने कहा कि रीना तब भी उनके साथ थीं, जब आमिर कुछ नहीं थे।

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के भाई फैसल खान ने एक इंटरव्यू में मिसटर परफेक्सशनिस्ट की निजी जिंदगी के लेकर बात की।

फैसल खान ने बताया कि कैसे रीना दत्ता उस वक्त भी आमिर खान के साथ थीं, जब वो कुछ नहीं थे और उनके पास कुछ खास नहीं था। फैसल खान ने बताया कि रीना सिर्फ इसलिए आमिर खान के साथ थीं, क्योंकि वह उनसे प्यार करती थीं, रीना के पास आमिर खान के साथ होने की दूसरी कोई वजह नहीं थी। फैसल ने कहा कि आमिर खान अच्छे इंसान हैं, लेकिन उनके इर्द-गिर्द मौजूद लोग ठीक नहीं हैं। आमिर खान के इर्द-गिर्द गलत लोग फिल्म 'मेला' में आमिर खान के सा काम कर चुके एक्टर फैसल खान ने बताया, आमिर खान एक समझदार और संवेदनशील इंसान हैं, लेकिन उन्होंने अपने आसपास जो लोग रखे हैं वो ठीक नहीं हैं। रीना की और मेरी काफी अच्छी छवि थी। उनका बर्ताव मेरे साथ हमेशा अच्छा रहा है, और मुझे बहुत दुख हुआ था जब वो दोनों (आमिर और रीना) अलग हुए। फैसल ने कहा, वो तब भी उनके (आमिर खान) के साथ थीं जब वो कुछ भी नहीं थे। उनका कोई दूसरा इरादा नहीं था। उनका प्यार पवित्र था। किरण राव से कभी नहीं हुई बातचीत फैसल खान ने आमिर खान की पहली पत्नी रीना दत्ता के बारे में कहा कि वह बहुत समझदार इंसान थीं। किरण और मैं... हमारी कभी बात नहीं हुई। मैं उन्हें उतनी अच्छी तरह नहीं जानता। मैंने कभी उनके साथ वक्त नहीं बिताया, ना उनसे बात की। तो... मैं उनके बारे में कुछ भी कहूं, इसके लिए मैं उन्हें नहीं जातना हूं। ना ही वो मुझे जानती हैं। फैसल ने बताया- जब साल 2005 में आमिर की शादी हुई, उससे 2 साल पहले से वह उसके साथ रह रही थी। गौरी से मिल चुके हैं आमिर खान के भाई आमिर खान के भाई ने बताया, जब उनकी शादी हुई, तो आमिर और किरण दोनों व्यस्त हो गए, और 2006 तक मैं भी लिखने के काम को लेकर बिजी हो गया। तो हमें कभी बात करने का मौका ही नहीं मिला। जहां तक आमिर खान की नई गर्लफ्रेंड गौरी की बात है तो फैसल ने बताया कि वह एक-दो बार उनसे मिल चुके हैं। फैसल ने कहा, मैं गौरी से मिला हूं, लेकिन बस 2-3 बार। ज्यादा नहीं। मैं पहली बार उनसे अपने पिछले जन्मदिन पर मिला था, इस साल नहीं मिला हूं।



# शक्ति पुरस्कार 2025 से सम्मानित हुईं दीया मिर्जा





**बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा को शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस खास पल को दीया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और एक भावुक नोट भी लिखा। उन्होंने एक भावुक श्रद्धांजलि देते हुए अपनी मां दीपा मिर्जा को शक्ति और प्रेरणा का पहला स्रोत बताया। दीया ने एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की और इस शानदार पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, कल रात, जब मैं मंच पर थी, मुझे अपनी मां की याद आई। वह मेरी पहली प्रेरणा थीं। वह न सिर्फ ताकत के लिए, बल्कि दया, हिम्मत, शांति और बार-बार उठने के साहस के लिए। आगे दीया ने लिखा, शक्ति वह खास ऊर्जा है, जो हर महिला में होती है, जो सपने देखती है, जीवन को बेहतर बनाती है, अपनी बात पर अडिग रहती है, और मुश्किल रास्तों पर भी चलती रहती है। दीया को 2025 शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दीया को यह पुरस्कार शशि थरूर ने दिया। इस पल के बारे में दीया ने लिखा, शशि थरूर, शबाना आजमी, एकता कपूर, नेहा धूपिया, सुरवीन चावला, पूर्णिमा देवी बर्मन और कई अन्य प्रेरक महिलाओं के बीच खड़ा होना गर्व का पल था। यह देखकर दिल को सुकून मिला कि साथ खड़े होने पर हम कितनी ताकतवर हैं। यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि हर उस महिला का है, जो अपने सच को जीती है, दूसरों को प्रेरित करती है, और अपने भीतर की असीम शक्ति को अपनाती है।**

# रक्षाबंधन पर सुशांत सिंह राजपूत को याद कर इमोशनल हुई बहन श्वेता

**रक्षाबंधन पर सुशांत सिंह राजपूत को याद कर इमोशनल हुईं बहन श्वेता, कहा- 'आज भी दिल में' आज एक तरफ जहां हर घर में राखी का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा, बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधेंगी तो वहीं सुशांत की बहनें इस खास दिन पर अपने भाई को याद कर इमोशनल हो रही हैं।**

बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत आज भले ही इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन फैंस के दिलों में वो हमेशा ही जिंदा रहेंगे। जून 2020 में सुशांत के अचानक निधन से उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों को गहरा सदमा पहुंचा। आज एक तरफ जहां हर घर में राखी का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा, बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधेंगी तो वहीं सुशांत की बहनें इस खास दिन पर अपने भाई को याद कर इमोशनल हो रही हैं। रक्षाबंधन 2025 के अवसर पर, सुशांत की बहन श्वेता सिंह कीर्ति ने इंस्टाग्राम पर अपने दिवंगत भाई को एक भावुक श्रद्धांजलि दी है। पुराने पलों से भरा एक भावुक वीडियो पोस्ट करते हुए, श्वेता ने उनके बिना इस त्योहार को मनाने के दर्द को बयां किया। सुशांत की बहन ने रक्षाबंधन पर किया उन्हें याद सुशांत सिंह राजपूत की बहन ने रक्षाबंधन के मौके पर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर



एक इमोशनल वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के साथ श्वेता ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी ऐसा लगता है जैसे तुम कभी गए ही नहीं। तुम अब भी यहीं हो, बस परदे के पीछे, चुपचाप देख रहे हो। और फिर, अगले ही पल, दर्द का एहसास होता है। क्या मैं तुम्हें सचमुच फिर कभी नहीं देख पाऊंगी? क्या तुम्हारी हंसी बस एक प्रतिध्वनि बनकर रह जाएगी? तुम्हारी आवाज, एक धुंधली याद जिसे मैं समझ नहीं पा रहा हूं?' 'हमारे मोह कितने नाजुक हैं' श्वेता सिंह कीर्ति ने आगे लिखा, 'तुम्हें खोने का दर्द इतना गहरा, इतना कच्चा है कि उसके आगे शब्द कम पड़ जाते हैं। यह मेरे अंदर चुपचाप रहता है, इतना पवित्र कि उसे जोर से बयां भी नहीं किया जा सकता, इतना विशाल कि उसे समेटा नहीं जा सकता। और हर गुजरते दिन के साथ, यह गहरा होता जाता है, कड़वाहट से नहीं, बल्कि स्पष्टता से, यह दशार्ता है कि यह भौतिक संसार कितना क्षणभंगुर है, हमारे मोह कितने नाजुक हैं, और कैसे केवल ईश्वर ही हमें शरण देता है।'

'मेरे दिल में अब भी तुम्हारी कलाई पर राखी बांधती हूं' श्वेता ने अपनी बात को आगे कहते हुए लिखा, 'मुझे पता है कि हम फिर मिलेंगे, भाई। दूसरी तरफ, कहानियों से परे, समय से परे, जहां आत्माएं एक-दूसरे को नामों से नहीं, बल्कि प्रेम की मौन भाषा से पहचानती हैं। तब तक, मैं यहीं हूं, अभी भी अपने दिल में तुम्हारी कलाई पर राखी बांध रही हूं, अभी भी प्रार्थना कर रही हूं कि तुम जहां भी हो, खुशी, शांति और प्रकाश से लिपटे रहो। अलविदा, जब तक हम फिर से न मिलें। मेरे ढेर सारे प्यार के साथ, गुड़िया दी।' श्वेता का ये पोस्ट फैंस को बेहद इमोशनल कर रहा है। इस पर कमेंट कर यूजर्स भी सुशांत को याद कर रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले 'रन मशीन' विराट कोहली ने लंदन में शुरू की ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टीम इंडिया के रन मशीन के नाम से मशहूर विराट कोहली पिच पर लौट आए हैं। उन्होंने गुजरात टाइटंस के सहायक कोच नईम अमीन की मौजूदगी में अभ्यास किया। कोहली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, हिट में मदद के लिए शुक्रिया, भाई। आपको देखकर हमेशा अच्छा लगता है। उन्होंने सेशन के दौरान अमीन के साथ अपनी एक तस्वीर भी शेयर की। अमीन ने अपने अकाउंट पर स्टोरी दोबारा शेयर करते हुए कहा, भाई, आपको देखकर अच्छा लगा! जल्द ही मिलते हैं। अमीन बर्कशायर, बकिंघमशायर और लंदन में माइटी विलो अकादमी चलाते हैं और इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के कोचिंग स्टाफ में थे।



इससे पहले, भारत के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या भी अच्छे अभ्यास सत्रों के लिए अमीन की अकादमी में आ चुके हैं। विराट कोहली टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं।कोहली का ध्यान अब पूरी तरह से भारत के लिए वनडे और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की प्रतिबद्धताओं पर है। कोहली ने 302 वनडे इंटरनेशनल मैचों में 14,181 रन बनाए हैं। उन्होंने आखिरी बार आईपीएल 2025 के फाइनल में शानदार पारी खेली थी। विराट कोहली ने 43 रनों की पारी खेली थी, जिससे आरसीबी ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए खिताबी मुकाबले में पंजाब किंग्स को छह रनों से हराकर आखिरकार अपनी पहली ट्रॉफी जीती थी। कोहली को फिर से मैदान पर देखने के लिए प्रशंसक बेताब हैं। हालांकि, फैंस को अभी अक्टूबर माह तक इंतजार करना होगा। भारत को यूं तो अगस्त में बांग्लादेश में तीन एकदिवसीय मैच खेलने थे, लेकिन बीसीसीआई और बीसीबी के बीच आपसी सहमति से यह श्रृंखला सितंबर 2026 तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

# सीएसके का साथ छोड़ने जा रहे हैं अश्विन?

**फ्रेंचाइजी के साथ भविष्य को लेकर कर रहे चर्चा**




**चेन्नई।** आईपीएल के अगले सीजन को अभी काफी समय शेष है, लेकिन फ्रेंचाइजी के साथ-साथ खिलाड़ियों ने भी अगले सीजन को लेकर कमर कस ली है। इसी कड़ी में अब एक खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से मोह भंग हो गया है और वह फ्रेंचाइजी के साथ अपने भविष्य को लेकर चर्चा कर रहे हैं। ऐसी अटकलें हैं कि वह टीम से अलग होने की मांग कर सकते हैं।

खिलाड़ियों को बरकरार रखने (रिटेंशन) की समय सीमा में अभी दो महीने बाकी हैं और समझा जाता है कि अश्विन सीएसके के आला अधिकारियों से अपनी भूमिका को लेकर बातचीत कर रहे हैं। आईपीएल के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, किसी भी खिलाड़ी के भविष्य पर फैसला करना अभी जल्दबाजी होगी। रिटेंशन की समय सीमा अभी घोषित नहीं हुई है, लिहाजा अभी हमारे पास समय है।

खिलाड़ियों से बात करने की योजना नीलामी से पहले की थी और सीनियर होने के नाते अश्विन इसका हिस्सा हैं। अगले आईपीएल सत्र से पहले टीम में भूमिका समझने के लिए यह आपसी बातचीत है।

### पिछले साल सीएसके ने अश्विन को खरीदा

पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले 38 वर्ष के अश्विन को सीएसके ने 2025 सीजन के लिए हुई मेगा नीलामी में नौ करोड़ 75 लाख रुपए में खरीदा था। चेन्नई के रहने वाले अश्विन 2009 से 2015 तक इसी टीम का हिस्सा थे। उन्होंने इस साल आईपीएल में नौ मैच खेलकर सात ही विकेट लिए।
सीएसके के लिए आईपीएल 2025 का सीजन अच्छा नहीं रहा था। चेन्नई चार जीत और 10 हार के बाद 10वें स्थान पर रही थी। ऐसी अटकलें हैं कि चेन्नई विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को ले सकती है जो राजस्थान रॉयल्स छोड़ना चाहते हैं।
सैमसन को लेकर भी कई तरह के कयास चल रहे हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स के साथ अलग होने का फैसला कर लिया है और उन्होंने इसके लिए फ्रेंचाइजी से खुद को रिलीज करने के लिए कहा है। सैमसन राजस्थान के कप्तान हैं और उनको बरकरार रखने या रिलीज करने पर राजस्थान फ्रेंचाइजी ने फिलहाल कोई फैसला नहीं लिया है।

# एशिया कप के लिए तैयार हो रहे हैं सूर्यकुमार यादव

**नेट्स पर शुरू की बल्लेबाजी**

**नई दिल्ली।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में चल रहे रिहैब के दौरान नेट्स पर बल्लेबाजी की। अपनी बल्लेबाजी से इस दिग्गज बल्लेबाज ने आगामी एशिया कप से पहले फिटनेस हासिल करने के महत्वपूर्ण संकेत दिए। जुलाई माह में,




सूर्यकुमार यादव ने जर्मनी के म्यूनिख में हर्निया की सर्जरी करवाई थी और इसके बाद बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैबिलिटेशन के लिए भर्ती हुए थे। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें दिखाया गया कि उन्होंने सीओई में फिर से बल्लेबाजी शुरू कर दी है। हालांकि सूर्यकुमार ने पिछले हफ्ते के अंत से ही नेट्स में बल्लेबाजी का अभ्यास शुरू कर दिया था। यह उनके एशिया कप से पहले पूरी फिटनेस हासिल करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। सूर्यकुमार ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, मैं उस काम को फिर से करने के लिए बेताब हूं जो मुझे पसंद है। वीडियो में वह व्यायाम और दौड़ते हुए भी दिखाई दे रहे हैं, और फिट नजर आ रहे हैं। सूर्यकुमार यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी बदौलत उनकी टीम ने टूर्नामेंट में दूसरा क्वालीफायर खेला।

## टाई ब्रेकर में वाराणसी ने आगरा मंडल की महिला टीम को 4-2 से हराया, जीती ट्रॉफी



वाराणसी। सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली गई प्रादेशिक समन्वय सीनियर महिला फुटबॉल शुक्रवार को संपन्न हो गया। प्रतियोगिता का फाइनल में मैच ड्रॉ रहने पर नतीजा हासिल करने के लिए टाई ब्रेकर का सहारा लिया गया। इसमें वाराणसी ने अगरा मंडल की टीम को हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में वाराणसी ने तेज गति से खेल शुरू करते हुए आगरा मंडल के पेनल्टी एरिया में हलचल मचाई लेकिन गोलकीपर ने बचाव कर गोल की संभावना को खत्म किया। खेल के 14वें मिनट में वाराणसी की रक्षापंक्ति खिलाड़ी से टकराकर लौटी गेंद पर रिबाउंड किक से गोल कर साक्षी ने आगरा को 1-0 की बढ़त दिला दी। गोल करने के बाद आगरा की टीम जहां रक्षात्मक खेलना शुरू किया। वाराणसी मंडल लगातार हमले करती रही लेकिन आगरा की गोलकीपर मनीषा से पार नहीं पा सकी। खेल के 44वें मिनट में वाराणसी को उस समय सफलता मिली जब उनकी शालिनी वर्मा ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मैच ड्रॉ होने में पर निर्णय के लिए टाई ब्रेकर का सहारा लिया गया। वाराणसी मंडल ने टाई ब्रेकर में 4-2 से मुकाबला अपने नाम किया। वाराणसी मंडल की ओर से कोमल, नंदनी, शालिनी वर्मा, और चांदनी पटेल ने स्कोर किए। आगरा की ओर से सपना व रिशिका गोल करने में कामयाब हो सकीं।

## शनिवार, 09 अगस्त राशिफल

मेष राशि वालों के लिए आज रक्षाबंधन का दिन आनंद और खुशी लेकर आया हुआ है। आप अपने जीवन में नए रिश्ते बना सकते हैं। आपके संपर्क का दायरा बढेगा। शादी की बात चल रही है तो आज आपका रिश्ता पक्का हो सकता है। आपके घर में शुभ कार्यों का आयोजन हो सकता ह।

वृषभ राशि के लोगों के लिए आज रक्षाबंधन का दिन लाभकारी रहेगा। भाई बहनों के बीच तालमेल और सहयोग बढ़ेगा। नौकरीपेशा लोग अपने काम पर ध्यान देंगे और समय पर अपना काम पूरा करेंगे जिससे मानसिक रूप से राहत पाएंगे।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज सावन पूर्णिमा का दिन बहुत अच्छा रहेगा। आज आपको अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा जिससे आपको खुशी मिलेगी। सितारे कहते हैं कि आज आपको अपने काम में सफलता मिलेगी और आपका मान सम्मान भी आज बढ़ेगाए।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आज आपको कुछ अधूरे कार्यों को पूरा करने का मौका मिल सकता है। आज शाम को आप किसी सामाजिक समारोह में शामिल हो सकते हैं। सगे संबंधियों और मित्रों से भी आपको आज मिलने का मौका मिलेगा।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अनुकूल रहेगा। आज आपको रिश्तेदारों से कोई खास उपहार मिल सकता है। मित्रों और सगे संबंधियों से मिलने का आज संयोग बनेगा। यात्रा भी आज आपकी हो सकती है। ससुराल पक्ष के आपको आज फायदा हो सकता है।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज रक्षाबंधन का दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। आज आपको सफलता और खुशियाँ मिलेंगी। आपके दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। आपको आज किसी निकट संबंधी से लाभ और सहयोग मिलेगा।

सितारे कहते हैं कि आज का दिन तुला राशि के जातकों के लिए बहुत ही शुभ और भाग्यशाली रहने वाला है। आज आपको किसी पुराने निवेश से अच्छा लाभ मिल सकता है। किसी सगे संबंधी से आज लंबे समय के बाद मुलाकात हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को आज कोई लाभ का मौका मिलेगा।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज सावन पूर्णिमा का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज किसी बात से मानसिक तनाव और उलझन का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में आज आपको जोखिम लेने से बचना होगा। विरोधी और शत्रुओं से भी आपको आज अलर्ट रहना चाहिए।

धनु राशि के लोगों के लिए आज का दिन शुभ और सुखद रहेगा। आपको आज परिवार के साथ मनोरंजक समय बिताने का मौका मिलेगा। आपकी कार्ययोजना भी आज सफल रहेगी। आप प्रबंधन और नेतृत्व की क्षमता का भी आज लाभ ले पाएंगे। आपको आज कार्यक्षेत्र में सीनियर्स से सपोर्ट मिलेगा।

मकर राशि के जातकों के लिए आज रक्षाबंधन का दिन कुल मिलाकर सामान्य रहेगा। आप आज किसी वजह से मानसिक तनाव और उलझन की स्थिति का सामना कर सकते हैं। आपको आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से सहयोग बनाकर चलना होगा।

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज सावन पूर्णिमा का दिन लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आज आपको अपने करियर में अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े जातकों की आज अच्छी कमाई हो सकती है। आपकी मेहनत का आपको आज सही परिणाम मिलेगा।

मीन राशि के लोगों के लिए आज सावन पूर्णिमा का दिन सामान्य रूप से अनुकूल रहेगा। आज आपको अपने अधूरे सपनों को पूरा करने का मौका मिल सकता है। किसी मित्र या सगे संबंधी से मिलकर आपका मन आज काफी प्रसन्न रहेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र


# तिरंगा प्रभात फेरी, रैली और राखी से गूंजी राष्ट्रभक्ति

## काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह का आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** जनपद में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह भव्य व दिव्य रूप से मनाया गया। विकास भवन से विधायक डॉ. जी.एस. धर्मेश और जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने तिरंगा प्रभात फेरी एवं मोटर साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के बीच रैली शहीद स्मारक पहुंची, जहां अमर वीरों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि और राष्ट्रधुन के साथ श्रद्धांजलि दी गई। ह्यएक पेड़ मां के नाम-2.0ह्ल अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया। विकास भवन में तिरंगा मेला और काकोरी ट्रेन एक्शन से संबंधित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया, जिसमें ब्रिटिश सरकार के डाक्यूमेंटेड अभिलेख भी प्रदर्शित रहे। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन सीधा प्रसारित हुआ। रक्षाबंधन पर्व को राष्ट्रप्रेम से जोड़ते हुए विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने हाथ से बनाई तिरंगा राखियां सेना और पुलिस के जवानों को बांधीं। कंपोजिट स्कूल न्यू आगरा व क्वीन विक्टोरिया इंटर कॉलेज की छात्राओं को राखी मेकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र दिए गए। विधायक डॉ. धर्मेश ने कहा कि काकोरी कांड की स्मृति युवाओं में राष्ट्रभक्ति का संचार करती है। जिलाधिकारी ने बताया कि ह्यहर घर तिरंगा अभियान-2025ह्ल के अंतर्गत यह कार्यक्रम प्रथम चरण का समापन है, जो आने वाली पीढ़ी को अमर शहीदों की गाथा से प्रेरित करेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, विभागाध्यक्ष और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## वनवासी बहनों संग रक्षाबंधन

# उपहारों संग बंधा प्रेम का सूत्र



एनएनआई

**आगरा।** संस्कृति माह के तहत भारत विकास परिषद विक्रमादित्य शाखा ने रक्षाबंधन का पर्व वनवासी बहनों के साथ मनाया। यह आयोजन राज फरसैया मेमोरियल वनवासी कन्या छात्रावास, दिल्ली गेट में निवास कर रही कन्याओं के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान शाखा के सदस्यों ने कन्याओं से रक्षा सूत्र बंधवाकर भाई-बहन के इस पवित्र बंधन को भावपूर्ण तरीके से निभाया। साथ ही कन्याओं को स्टेशनरी सामग्री और खाद्य सामग्री भेंट स्वरूप दी गई। उपहार पाकर छात्रावास की बालिकाओं के चेहरे खिल उठे। शाखा के सचिव ऋषि खंडेलवाल ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में आपसी प्रेम और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं। उन्होंने ऐसे आयोजन निरंतर करते रहने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. सोमदेव सारस्वत, शाखा अध्यक्ष प्रशांत जैन, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, डॉ. हरवीर सिंह, शैलेंद्र कुमार और लतिका कुमार सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# अटलपुरम टाउनशिप के आवासीय भूखण्डों का पंजीकरण शुरू



एनएनआई

**आगरा।** आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) की महत्वाकांक्षी अटलपुरम टाउनशिप योजना के आवासीय भूखण्डों का पंजीकरण शुक्रवार से औपचारिक रूप से शुरू हो गया। मंडल आयुक्त एवं एडीए अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिंह ने एडीए के जनहित पोर्टल व वेबसाइट पर न्यू रजिस्ट्रेशन बटन क्लिक कर इसकी शुरूआत की। अब इच्छुक आवेदक घर बैठे ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं या नजदीकी जनसुविधा केंद्र से आवेदन कर सकते हैं। 5 अगस्त को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिलान्यास की गई यह टाउनशिप आगरा इनर रिंग रोड, दक्षिण बाईपास और ग्वालियर रोड के त्रिकोणीय जंक्शन पर बसाई जा रही है। योजना में 11 सेक्टरों में तीन चरणों में विकास होगा। इसमें कुल 1430 आवासीय भूखण्ड, 18 ग्रुप हाउसिंग प्लॉट और 96 अनावासीय भूखण्ड शामिल हैं। पहले चरण में 322 आवासीय भूखण्डों का पंजीकरण किया जा रहा है, जिनमें 81 ईडब्ल्यूएस, 78 एलआईजी, 75 एमआईजी-1, 80 एमआईजी-3 और 8 एचआईजी श्रेणी के भूखण्ड शामिल हैं। आयुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि अटलपुरम टाउनशिप को आधुनिक सुविधाओं और हरित वातावरण से युक्त प्रदेश की मॉडल टाउनशिप के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां चौड़ी सड़कें, पार्क, जलापूर्ति, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, वाणिज्यिक क्षेत्र और सामुदायिक भवन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष के अंत तक एडीए ग्रेटर आगरा परियोजना की घोषणा करने जा रहा है, जिससे शहर के विकास में नई गति आएगी। पंजीकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी, आवेदन प्रक्रिया और भुगतान विवरण एडीए की वेबसाइट व सिटीजन फेसिलिटेशन सेंटर से प्राप्त किए जा सकते हैं। सहायता के लिए दूरभाष 0562-2510070 या 9084407890 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# सीएमई में बुजुर्गों की सेवा का संकल्प, गोल्डन अवार्ड से सम्मानित

एनएनआई



**आगरा।** आगरा ऑर्थोपेडिक सोसाइटी ने बोन एंड जॉइंट वीक के अंतर्गत शुक्रवार को खंदारी बाईपास स्थित होटल लेमन ट्री में सीएमई का आयोजन किया। थीम रही-एजिंग विद ग्रेस, लिविंग विद डिग्निटी। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अतुल कुलश्रेष्ठ, डॉ. अशोक विज, अध्यक्ष डॉ. अतुल अग्रवाल, सचिव डॉ. अनुपम गुप्ता और कोषाध्यक्ष डॉ. संजीव बोहरा ने दीप प्रज्वलन कर किया। अध्यक्ष डॉ. अतुल अग्रवाल, सचिव डॉ. अनुपम गुप्ता और कोषाध्यक्ष डॉ. संजीव बोहरा ने कहा कि बुजुर्गों के साथ सम्मान और सहानुभूति से पेश आएं, उनकी स्वतंत्रता बनाए रखने और सुरक्षित वातावरण देने पर जोर दें।

इस दौरान सभी ने बुजुर्गों की सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. अतुल कुलश्रेष्ठ, डॉ. आई.ए. खान, डॉ. एम.एम. सिंह, डॉ. मुकेश गोयल, आरती मल्होत्रा, थान सिंह, डॉ. जी.पी. अग्रवाल, अनुराग जैन, डिप्टी सीएमओ डॉ. पीयूष जैन और उमेश गुप्ता ने विचार रखे। इस मौके पर आगरा गोल्डन अचीवर्स अवार्ड भी प्रदान किए गए, जिसमें बुजुर्गों की सेवा में योगदान देने वाले प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. डी.वी. शर्मा, डॉ. अमोद शंकर, डॉ. संजय चतुर्वेदी, डॉ. एस.सी. साहू, डॉ. जे.के. जैन सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

# पोष ा पोटली पाकर खिले दृष्टिहीनों के चेहरे



एनएनआई

**आगरा।** मुस्कान फैमिली की ओर से सुराना भवन, न्यू राजामंडी पर 61 दृष्टिहीनों को निशुल्क पोषण पोटली वितरित की गई। संचालिका रश्मि मगन ने बताया कि पोटली में एक माह के लिए चार तरह की दालें, बेसन, चीनी, हल्दी, बिस्कुट व चॉकलेट पैकेट, टूथपेस्ट, टूथब्रश, फ्रूटी पैकेट, साबुन और अन्य जरूरी सामान शामिल था। सभी को पेठा का डिब्बा भी भेंट किया गया और लजीज नाश्ते की व्यवस्था की गई। मुस्कान फैमिली की सदस्याओं ने बताया कि यह सेवा दृष्टिहीनों के स्वाभिमान और आत्मसम्मान को सुरक्षित रखते हुए की जाती है। सुराना भवन में हर माह की 8 तारीख को सुबह 9 बजे पोषण पोटली का वितरण होता है। जरूरतमंद दृष्टिहीनों की जानकारी 9837077699 पर दी जा सकती है।

# एक पौधा मां के नाम: हरियाली और मातृत्व का संगम

**आगरा (एनएनआई)।** मां के स्नेह और धरती की हरियाली को समर्पित एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत माथुर वैश्य इंटरनेशनल क्लब कोहिनूर ने दयालबाग 100 फुटा रोड स्थित ड्रीम वैली अपार्टमेंट और डिवाइडर पर वृहद पौधारोपण किया। इस अवसर पर 51 फलदार और छायादार पौधे, जिनमें नीम, गुलमोहर और आम प्रमुख थे, लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गवर्नर



प्रथम अशोक गुप्ता, गवर्नर द्वितीय पी.एन. गुप्ता, पूर्व गवर्नर राकेश गुप्ता और गवर्नर सलाहकार मनोज गुप्ता उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि 2016 में स्थापना के बाद से क्लब समाज सेवा के लिए संकल्पित है और हर वर्ष बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर उनके संरक्षण पर विशेष ध्यान देता है। यह अभियान पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और मां के प्रति भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करता है। गवर्नर प्रथम अशोक गुप्ता ने कहा कि जैसे मां जीवन देती है, वैसे ही पेड़ धरती को जीवन देते हैं। ऐसे प्रयास आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण देंगे। मौके पर मुकेश गुप्ता, विनोद गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, संगीता गुप्ता, प्रेम माहेश्वरी, अनिल गुप्ता और सुरेश चंद्र सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।